देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### मानसून को ले नगर परिषद ने की विशेष बैठक

दानापुर। नगर के अंतर्गत नगर परिषद तैयारी शुरू कर दी है। मानसून के दौरान आने वाली परेशानी को देखते हुए नगर परिषद ने विशेष बैठक आयोजित की। कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मानसून के दौरान आने वाली परेशानियों को लेकर विशेष विचार विमर्श किया गया। परेशानियों को दूर करने के लिए नगर प्रबंधक स्वच्छता पदाधिकारी कनीय अभियंता वार्ड जमादार विशेष रूप से निर्देश दिए गए। क्षेत्र के सभी मुख्य नाला समेत अन्य नाला की सफाई 30 अप्रैल से पूर्व पूरा करने का निर्देश दिया गया। हाथीखाना से सैनिक कॉलोनी एवं जीडी गोयनका से आरकेपुरम तक के मुख्य नाला की पूर्ण सफाई, आरसीडी एवं बुडको द्वारा बनाए गए बड़े नाला में इलाके के छोटे नालो जोड़ने, ह्यूमपाइप, पंप एवं स्लैब आदि का निरीक्षण कर प्राकलन तैयार कर यथाशीघ्र कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्वच्छता पदाधिकारी अपर्णा कुमारी, नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार, ब्रजेश सिंह, सभी कनीय अभियंता एवं वार्ड जमादार उपस्थित थे।

### दस बोरा गेहूं चोरी करने के एक पुराने मामले में 15 माह की सजा सुनाई गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत एसीजेएम 6 दिव्या अमल ने दस बोरा गेहूं चोरी करने के एक पुराने मामले एक आरोपी को पन्द्रह महीने की सजा सुनाई। मामला बिक्रम थाना कांड संख्या 472/24 का है। धारा 303(2),334(1),317(2) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस,नया कानून में 15 महीना की सजा आरोपित बिक्रम के गोपालपुर निवासी बबन सिंह को सुनाई गई ।अपर मुख्य अभियोजक मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि आरोपित द्वारा सूचक राम पुकार कुमार के घर का ताला तोड़कर दस बोरा गेहूँ चोरी किया गया था ।इस मामले में आरोपित पिछले पंद्रह महीना से जेल में बंद था। दोष स्वीकार करने पर इतने ही महीना की सजा सुनाई गई।

### बाइक सवार बदमाश महिला के गले से चेन छीन हुए फरार

दानापुर। खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाड़ीखाना के निकट बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। इस संबंध में पीड़िता श्वेता प्रिया ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के सरारी स्थित गोकुला अपार्टमेंट ब्लॉक सी के फ्लैट संख्या 603 निवासी श्वेता किसी काम से जा रही थी। इसी दौरान गाड़ीखाना के आरओबी पाया संख्या 9 के निकट के पीछे से आ रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने का चैन झपट ली। जब तक वो कुछ संभल पाती तब तक बदमाश भाग निकले। इस संबंध में पीड़िता ने स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### जालसाजी के मामले में फरार चल रहे एक दंपती को गिरफ्तार किया गया

दानापुर रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने जालसाजी के मामले में फरार चल रहे एक दंपती को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने पंजाब के कपूरथला से अनिल गुप्ता एवं उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर थाना लायी। गहन पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार सिंह ने बताया कि अनिल गुप्ता के विरुद्ध दो जालसाजी समेत चार मामले दर्ज हैं। जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। काफी छानबीन के बाद कार्रवाई करते हुए पंजाब के कपूरथल्ला सेअनिल गुप्ता एवं उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मतदाता सूची विखंडन उपरांत मतदाता सूची का प्रारूप कर दिया गया

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत नगर परिषद दानापुर खगौल और नगर पंचायत नौबतपुर के मतदाता सूची विखंडन उपरांत मतदाता सूची का प्रारूप कर दिया गया। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन के उपरांत दावा आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 15 से 28 अप्रैल निर्धारित हैं। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए सभी दावा प्रपत्र-2 में तथा सूची में दर्ज नाम के विरूद्ध सभी आपत्तियाँ प्रपत्र-3 में नगर परिषद दानापुर निजामत क्षेत्र के लिए रिवाईजिंग अथॉरिटी-सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दानापुर के कार्यालय में, नगर परिषद खगौल क्षेत्र के लिए रिवाईजिंग अथॉरिटी-सह-पंचायती राज पदाधिकारी, दानापुर द्वारा अनुमंडल सभागार और नगर पंचायत, नौबतपुर क्षेत्र हेतु रिवाईजिंग अथॉरिटी- सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी ।

# पटना में नारी शक्ति वंदन थीम पर राष्ट्रीय फन रन का आयोजन




**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। पत्र सूचना कार्यालय, एवं माय भारत द्वारा पीआईबी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बिहार की पूर्व मंत्री, खेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, श्रेयसी सिंह ने ह्यनारी शक्ति वंदनह्न थीम पर राष्ट्रीय फन रन के आयोजन पर जानकारी साझा की। प्रेस वार्ता में कपिल देव राम, राज्य निदेशक, माय भारत, बिहार (पटना) एवं लौकिक पारख, उपनिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय, पटना भी उपस्थित रहे।

माय भारत पटना, बिहार द्वारा दिनांक 17 अप्रैल 2026 को प्रातः 6 बजे मरीन ड्राईव रेलवे ब्रिज से नारी शक्ति वंदन थीम पर एक राष्ट्रीय फन रन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए पंजीकरण प्रातः 5.30 बजे शुरू होगा। नारी शक्ति रन शहर के मुख्य स्थल से होकर गुजरेगा। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला प्रतिभागी शामिल होने की संभावना है। यह पहल नारी शक्ति को सम्मान देने, महिला सशक्तिकरण तथा विकसित भारत के संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम का आयोजन बिहार सरकार की पूर्व मंत्री, खेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति भी होगी।

## बिहार में जनगणना 2027 का पहला चरण 2 मई से, इस बार पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया
## 17 अप्रैल से शुरू होगी स्व-गणना सुविधा, घर बैठे भरें जनगणना विवरण




पटना।जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार एवं पत्र सूचना कार्यालय द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रंजीता, निदेशक, जनगणना कार्य सह नागरिक निबंधन एवं संजीव कुमार, उपनिदेशक, ने भारत की जनगणना - 2027 से संबंधित जानकारियां साझा की। कार्यक्रम में पत्र एवं सूचना कार्यालय के उपनिदेशक लौकिक पारख भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य बिहार में 02 मई 2026 से 31 मई 2026 तक होने जा रहा है। इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिसमें नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।बिहार राज्य में स्व-गणना की अवधि 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक निर्धारित है। इस अवधि में राज्य के नागरिक पोर्टल पर जाकर स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में परिवार के मुखिया का नाम एवं किसी भी एक सदस्य के मोबाईल नंबर से पंजीकरण कर सकते हैं। स्व-गणना करने के पश्चात एक री'। एल्ल४ि१३ङ्खल्ल क्रूप्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना होगा और प्रगणक के घर आने पर उन्हें उपलब्ध कराना होगा।स्व-गणना की सुविधा सुरक्षित, सरल एवं समय की बचत करने वाली प्रक्रिया है। इससे नागरिकों को घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज करने की सुविधा मिलेगी तथा जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं सुगम तरीके से संपन्न करने में सहायता मिलेगी। जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत एकत्र किया गया ये डेटा पूरी तरह से गोपनीय है। सभी डिजिटल टूल्स में डेटा एन्क्रिप्टेड है, जो नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करता है।जनगणना कार्य निदेशालय बिहार के सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि ह्लजनगणना से जन-कल्याणह्व के उद्देश्य को सफल बनाने के लिए स्व-गणना की सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### डीएम ने जनगणना 2027 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर जानकारी दी

अरवल। समाहरणालय सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस द्वारा भारत की जनगणना 2027 से संबंधित प्रेस कॉन्फ्रेन्स का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निदेर्शानुसार, जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य बिहार राज्य में 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक संचालित किया जाना है तथा 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक स्व-गणना का कार्य ' के माध्यम से आम नागरिकों द्वारा किया जायेगा। इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता इसका पूर्णतः डिजिटल होना है।

स्व-गणना आम नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से दर्ज कर सकते है। यह सुविधा 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। क्षेत्रीय कार्य (ऋ्र'हिङ्ग१') घर घर जाकर डेटा संग्रह का कार्य 02 मई से 31 मई 2026 के बीच किया जाएगा। पहली बार डिजिटल मोड में आयोजित भारत की जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत नागरिकों के लिए स्व-गणना के सुविधा प्रदान की गई है।

## बिहार की कमान सम्राट चौधरी के हाथ, लोकमंच ने कहाँ— विकास को मिलेगी नई रफ्तार

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना । भारतीय लोकमंच पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह अभिनेता कुणाल सिकंद ने बिहार के मुख्यमंत्री पद पर चयनित होने पर श्री सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर हुई सौहार्दपूर्ण मुलाकात में सम्राट चौधरी ने कुणाल सिकंद को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान की सराहना की। मुलाकात के दौरान राज्य के समग्र विकास, सुशासन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक एवं सकारात्मक संवाद हुआ, जिससे भविष्य की दिशा को लेकर एक स्पष्ट दृष्टिकोण उभरकर सामने आया।

कुणाल सिकंद ने अपने वक्तव्य में कहा कि बिहार के ह्वविकास पुरुषह्व के रूप में स्थापित पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद श्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को सम्राट चौधरी न केवल आगे बढ़ाएंगे, बल्कि उन्हें नई ऊर्जा और गति भी प्रदान करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी का नेतृत्व बिहार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और विकास की रफ्तार को और तेज करेगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विरोधियों की आलोचनाओं के बावजूद सम्राट चौधरी अपनी कार्यकुशलता, समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर हर वर्ग को साथ लेकर चलने में सफल सिद्ध होंगे।उन्होंने आगे कहा कि बिहार जैसे विशाल और विविधताओं से भरे राज्य में संतुलित, दूरदर्शी और मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता होती है, और सम्राट चौधरी में ये सभी गुण स्पष्ट रूप से विद्यमान हैं। कुणाल सिकंद ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कला एवं संस्कृति तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय और ऐतिहासिक प्रगति देखने को मिलेगी, जिससे राज्य की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेगी।इस अवसर पर कुणाल सिकंद ने लोकमंच की ओर से यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी राज्यहित और जनकल्याण से जुड़े हर सकारात्मक कदम में सरकार के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

## पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और एसबीआई यूथ फॉर इंडिया फेलोशिप के बीच समझौता ज्ञापन संपन्न

**प्रात: किरण संवाददाता**

पटना। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (पीपीयू) एवं एसबीआई यूथ फॉर इंडिया फेलोशिप के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण समझौते को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की ओर से प्लेसमेंट प्रमुख डॉ. मोहम्मद अली तथा एसबीआई की ओर से जैद निसार के सहयोग से अंतिम रूप दिया गया।

इस एमओयू के बाद पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक नया अवसर उपलब्ध होगा, जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को सीखने, नवाचार करने तथा सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने का एक अभिनव मार्ग प्राप्त होगा। यह फेलोशिप विद्यार्थियों को न केवल व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का भी अवसर देगी।

यह फेलोशिप 13 महीनों की होती है, जिसमें चयनित विद्यार्थियों को प्रतिमाह 21,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही, फेलोशिप को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत प्रत्येक प्रतिभागी को 1,10,000 रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि दी जाती है, ताकि वे अपने भविष्य के लिए कोई नया पहल (इनिशिएटिव) शुरू कर सकें और अपने कौशल को और बेहतर दिशा में विकसित कर सकें।

## टीबी उन्मूलन के लिए 100 दिनों का टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू, 11055 गांवों में होगी स्क्रीनिंग

पटनो राज्य टीबी उन्मूलन के संकल्प के साथ एक निर्णायक भविष्य की ओर बढ़ रहा है। देश में चलाए जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राज्य भी जमीनी स्तर पर व्यापक प्रयास कर रहा है। राज्य में सरकारी स्वास्थ्य तंत्र और जन-भागीदारी के अटूट समन्वय से इस बीमारी को जड़ से मिटाने की कोशिश की जा रही है जिसमें निक्षय मित्र, एक्टिव केस फाइंडिंग, निक्षय पोषण योजना और टीबी मुक्त पंचायत जैसे अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक निदेशक कुमार गौरव ने कहा कि राज्य में विश्व टीबी दिवस के अवसर पर ह्य100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गयी है। विभाग ने मेडिकल कॉलेजों से लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तक 34.5 लाख से अधिक लोगों की जांच का लक्ष्य रखा है। आधुनिक एक्स रे मशीनों और ह्यनिक्षय वाहनोंह्व से मिलेगी गतिः टीबी जांच प्रक्रिया को तेज करने के लिए 185 अल्ट्रा-पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों के जरिए दुर्गम इलाकों में भी टीबी की सटीक जांच सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा 396 पीपीपी मोड और 96 इन-हाउस केंद्रों पर एक्स-रे की सुविधा मिल रही है।

अभियान के दौरान उच्च जोखिम वाले समूहों पर विशेष नजर होगी, जिन्हें संक्रमण का खतरा सबसे ज्यादा है। इनमें पिछले 2 साल में टीबी का इलाज करा चुके लोग, उनके परिजन, एचआईवी, कैंसर, किडनी और ट्रांसप्लांट के मरीज शामिल हैं। साथ ही, जेलों, हॉस्टलों, खदानों, निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों, कुपोषित बच्चों, बुजुर्गों और धूम्रपान करने वालों की सघन टीबी जांच 10-एस (10 लक्षणों) के आधार पर की जा रहीअभियान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर सीडीओ और सिविल सर्जन द्वारा नियमित तौर पर कार्यक्रम की समीक्षा की जा रही है।

# नई दिल्ली से सुपौल, आनंद विहार से जोगबनी तथा सहरसा से यशवंतपुर के मध्य समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**प्रातः किरण संवाददाता**

हाजीपुरःग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में नई दिल्ली से सुपौल एवं आनंद विहार से जोगबनी तथा सहरसा से यशवंतपुर के मध्य 01-01 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी संख्या 04072/04071 नई दिल्ली-सुपौल-नई दिल्ली स्पेशल (सहरसा-बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर-बलिया-गाजीपुर-वाराणसी-प्रयागराज के रास्ते ): गाड़ी संख्या 04072 नई दिल्ली-सुपौल स्पेशल 17 अप्रैल से 15 जुलाई, 2025 तक (21, 22, 23, 24 एवं 25 मई को छोड़कर) प्रतिदिन को नई दिल्ली से 21.35 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए दूसरे दिन 21.05 बजे हाजीपुर, 22.10 बजे शाहपुर पटोरी, तीसरे दिन 00.35 बजे बरौनी, 01.03 बजे बेगुसराय, 02.18 बजे खगड़िया, 02.40 बजे मानसी, 03.10 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 03.45 बजे सहरसा रूकते हुए 06.35 बजे सुपौल पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 04071 सुपौल-नई दिल्ली स्पेशल 19 अप्रैल से 17 जुलाई, 2025 तक (23, 24, 25, 26 एवं 27 मई को छोड़कर) प्रतिदिन सुपौल से 07.45 बजे खुलकर 09.35 बजे सहरसा, 10.08 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 10.53 बजे मानसी,11.05 बजे खगड़िया, 11.38 बजे बेगुसराय, 12.20 बजे बरौनी, 13.30 बजे शाहपुर पटोरी, 14.50 बजे हाजीपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

2. गाड़ी संख्या 04008/04007 आनंद विहार-जोगबनी-आनंद विहार स्पेशल (अररिया कोर्ट- पूर्णिया-कटिहार-मानसी-बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर-छपरा-गोरखपुर-मुरादाबाद के रास्ते ) : गाड़ी संख्या 04008 आनंद विहार-जोगबनी स्पेशल 18 अप्रैल से 11 जुलाई, 2025 तक (23 मई को छोड़कर) प्रत्येक शनिवार को आनंद विहार से 08.30 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 00.30 बजे हाजीपुर, 03.45 बजे शाहपुर पटोरी, 04.45 बजे बरौनी, 05.18 बजे बेगुसराय, 05.53 बजे खगड़िया, 06.05 बजे मानसी, 07.10 बजे नवगछिया, 10.50 बजे कटिहार,12.18 बजे पूर्णिया, 13.13 अररिया कोर्ट एवं 13.48 बजे फारबिसगंज रूकते हुए 15.00 बजे जोगबनी पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 04007 जोगबनी-आनंद विहार स्पेशल 19 अप्रैल से 12 जुलाई, 2025 तक (24 मई को छोड़कर) सप्ताह के प्रत्येक रविवार को जोगबनी से 18.30 बजे खुलकर 19.03 बजे फारबिसगंज, 19.43 बजे अररिया कोर्ट, 20.48 बजे पूर्णिया, 21.50 बजे कटिहार, 22.45 बजे नवगछिया, अगले दिन 00.13 बजे मानसी, 00.25 बजे खगड़िया, 01.00 बजे बेगुसराय, 02.30 बजे बरौनी, 03.30 बजे शाहपुर पटोरी, 04.55 बजे हाजीपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए तीसरे दिन 03.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

## सीबीएसई दसवीं में रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

**● 247 में से 247 बच्चे हुए सफल, 98.4 फीसदी अंक के साथ सहज श्रुति बनी स्कूल टॉपर**




दानापुर। सीबीएसई द्वारा बुधवार के शाम 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद स्कूलों में उत्सव सा माहौल रहा। शहर व स्कूल टापर बने मेधावियों ने स्कूल में अपने दोस्तों व शिक्षकों के बीच पहुंचकर सेल्फी ली और खुशी के पहल सहेजे। कमोबेश ये नजारा सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध अधिकांश स्कूलों में सामान्य तौर पर देखने को मिला। इसी कड़ी में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखते हुए जिले के रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए हैं, जिससे विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में हर्ष का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक इस वर्ष स्कूल से कुल 247 विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं की वार्षिक परीक्षा में भाग लिया, जिसमें शत-प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।प्राचार्या मनीषा प्रभाकर ने बताया कि विद्यालय का कुल औसत परिणाम 84.6% रहा। 17 विद्यार्थियों ने 95% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 90 विद्यार्थियों ने 90% एवं उससे अधिक अंक अर्जित किए। प्राचार्या ने कहा कि विद्यार्थियों का सतत उत्कृष्ट प्रदर्शन, विद्यालय की अनुशासित शैक्षणिक व्यवस्था, समग्र विकास की प्रतिबद्धता तथा उन्नत एवं प्रगतिशील शिक्षण शैली का प्रमाण है।विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को उनकी लगन, परिश्रम एवं सफलता के लिए बधाई दी तथा शिक्षकों के अथक प्रयासों और अभिभावकों के निरंतर सहयोग की सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए अपने संकल्प को दोहराया कि वे विद्यार्थियों को दृढ़निश्चयी, अन्वेषी एवं सशक्त बनाकर उन्हें परिवर्तनशील दुनिया में सफल होने के लिए तैयार करते रहेंगे।

## शिवम इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



**प्रातः किरण संवाददाता**

फतुहा। सीबीएसई द्वारा वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किए गए, जिसमें फुलवरिया (पटना) स्थित शिवम इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। करीब 15 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इस परीक्षा में शिवम राज 94% अंक के साथ स्कूल टॉपर बने। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक कुमार एवं प्राचार्य राजेश कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अन्य विद्यार्थियों में आराध्या मंजुल, अश्वनी कुमार, अमृत कुमार, प्रत्यूष राज, सृष्टि कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल हैं। टॉपर शिवम राज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को देते हुए बताया कि नियमित पढ़ाई, समय का सही प्रबंधन और विद्यालय का सतत मार्गदर्शन उनकी सफलता का मुख्य आधार रहा।

## अंडर-13 इंडो-नेपाल टी20 चैंपियंस ट्रॉफी: हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। अंडर -13 इंडो-नेपाल टी20 चैंपियंस ट्रॉफी में खेले गए रोमांचक मुकाबले में हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट अकादमी ने लायंस क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए लायंस क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाए। टीम की ओर से सुभाष मंडल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए, जबकि युवराज बेगवानी ने 21 और आशीष अधिकारी ने 19 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में कृष्णा ने 2 विकेट (12 रन देकर), शशांक शेखर ने 1 विकेट (21 रन) और साहिल ने 1 विकेट (35 रन) हासिल किया। जवाब में हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट अकादमी ने 19.2 ओवर में 5 विकेट खोकर 143 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से अंशु कुमार ने नाबाद 32 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उनके अलावा अंकित ने 30, जीत ज्योति ने 27 और अंश राज ने नाबाद 18 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। लायंस की तरफ से राघव कार्की ने 3 विकेट (16 रन देकर) लिए, जबकि करिथाथा को 1 विकेट (25 रन) मिला। इस शानदार प्रदर्शन के लिए अंशु कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट अकादमी ने टूनार्मेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है।

# विद्या निकेतन सराय पटना के छात्रों ने सीबीएसई 10वीं में किया बेहतर प्रदर्शन

**■ यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है : प्राचार्य**

**प्रातः किरण संवाददाता**




पटना। विद्या निकेतन सराय मनेर ने एक बार फिर सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराया है। इस वर्ष विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।विद्यालय के मेधावी छात्र

रहीश कुमार ने 93.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान प्रेम कुमार ने 91.2% हासिल की और विकास कुमार ने 91% अंक प्राप्त किया। तो अन्य छात्रों ने जिसमें मोहित(90.6%), जिया कुमारी(90.6%), रमन कुमार, आयुष कुमार, कुमकुम कुमारी ने शानदार अंक लाकर चौथा और पांचवा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और विद्यालय के गौरव को और बढ़ाया।उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सिन्हा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इन सभी छात्र-छात्राओं ने वर्ग एक से लेकर 10 वीं तक की पढ़ाई इसी विद्यालय से पूरी की है, जो संस्था की निरंतर गुणवत्ता और समर्पण को दशार्ता है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल शुरूआत है। आगे उन्हें आईआईटी, नीट और एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है।

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में एक समारोह का हुआ आयोजन




**प्रातः किरण संवाददाता**

हाजीपुर। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में आज दिनांक 16.04.2026 को वैशाली रेल प्रेक्षागृह में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में पूमरे के प्रधान विभागाध्यक्षों व उच्चाधिकारियों सहित, यूनियन, एस.सी.एस.टी. एशोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में समानता, न्याय एवं समरसता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था । बाबा साहब के जयंती दिवस को विश्व में समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले बाबा साहब को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है । बाबा साहेब के बनाए संविधान के कारण ही भारत किसी जाति, धर्म, क्षेत्र संप्रदाय आदि में बंधा हुआ नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत लोकतंत्र है । बाबा साहेब ने अर्थव्यवस्था, महिला उत्थान एवं सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में भी अनेक कार्य किए जिससे हमारी आर्थिक व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक क्षेत्र में काफी सुधार हुआ । महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि बाबा साहब के जयंती के उपलक्ष्य में हमें यह प्रण लेना है कि उनके बताए गए संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए हम देश, समाज को ज्यादा समावेशी, ज्यादा प्रगतिशील बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे ।

इसके उपरांत बाबा साहेब के जीवनी पर आधारित एक नाटक का भी मंचन किया गया जिसे उपस्थित अधिकारियों एवं रेलकर्मियों द्वारा काफी सराहा गया । इस अवसर पर ईसीआरओबीसी एसोसिएशन के महासचिव श्री सुबोध पोद्दार, ऑल इंडिया एससीएसटी रेल इम्प्लाइज एशोसिएशन, पूमरे के जोनल सचिव श्री पवन कुमार राम ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी संघर्ष, देश व समाज के लिए उनके द्वारा किए गये कार्यों तथा उनके जीवन मूल्यों पर अपने-अपने विचार रखे ।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/यांत्रिक/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-खुली निविदा ई-निविदा सूचना सं० – (cw-sonpur-05-2026) आमंत्रित करते है जिसका विवरण निम्न है। **(1) कार्य का नाम एवं स्थान:** Provision for the work of "Outsourcing of various activities which include welding, door repair and replacement, EM Pad change, Adaptor change at Garhara Freight Depot for 02 years. **(2) कार्य की अनुमानित लागतः** Rs. 3,40,54,688.30/– (रु० तीन करोड चालीश लाख चौवन हजार छ सौ अथाठसी रुपए और तीस पैसा मात्र) **(3) अग्रिम राशि देयः** Rs. 6,81,100.00 (रु० छ लाख एकाशी हजार एक सौ मात्र) **(4) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय तथा निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 04.05.2026 को 15.00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि एवं समय 04.05.2026 को 15.00 बजे के बाद **(5) वेवसाइट का विवरण एवं ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है: https://www.ireps.gov.in.** रेलवे प्रकाशन के द्वारा निविदा को किसी भी समय रद्द/स्थगन या परिवर्तन बिना कारण बताये हुए करने का अधिकार सुरक्षित है। **समंयाई/सी एंड डब्लू/सोनपुर पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

पीआर/0071/एसईई/सीएण्डडब्लू/टी/26–27/36




मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कदमकुआं स्थित आवास (महिला चरखा समिति) परिसर में स्थापित लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय प्रभावती देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सादर नमन किया।




मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री सचिवाल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

# भारत सरकार के निदेर्शों के अनुरूप होंगे जनगणना 2027 के कार्य : मुख्य सचिव

# राज्य में 17 अप्रैल से शुरू होगा स्व-गणना का कार्य

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। राज्य में 17 अप्रैल से शुरू होने वाले स्व-गणना कार्य की समीक्षा को लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति ( के सदस्य और प्रधान जनगणना अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने जनगणना 2027 के तहत 17 अप्रैल से शुरू होने वाले स्व-गणना से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कई अतिआवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह एक राष्ट्रहित का कार्य है और सभी को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही कार्य करना है। जनगणना का कार्य दो चरणों में प्रस्तावित है। प्रथम चरण की शुरूआत 2 मई से होगा, जिसमें मकानों की सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व 17 अप्रैल से स्व-गणना का कार्य प्रारंभ होगा जो 1 मई 2026 तक चलेगा। उन्होंने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और राज्य के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि इस अभियान को सफलता पूर्वक संपन्न कराया जाए।



**विशिष्ट व्यक्तियों की सहभागिताः**

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिलाधिकारी, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर गणमान्य व्यक्तियों की एक सूची तैयार करें और उनसे स्व-गणना करवाएं, ताकि जिलावासियों को भी इस अभियान में भाग लेने की प्रेरणा मिले।

**शत-प्रतिशत कर्मियों की स्व-गणना :**

उन्होंने कहा कि विभागवार यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी निदेशालयों, प्रभागों, निगमों और जिलों के विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपनी स्व-गणना समय से पूर्ण करें।

**व्यापक जन-जागरूकता :**

मुख्य सचिव ने कहा कि स्व-गणना हेतु प्रभावी जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान से सभी को जोड़ने के लिए जीविका दीदियों की मदद ली जाए। सभी जिलों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है उसके अनुश्रवण की आवश्यकता है। उन्होंने तकनीकी कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश देते हुए कहा कि सीएमएमएस पोर्टल पर हाउस मकान सूचीकरण के कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण किया जाए। वहीं, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव ने भी स्वगणना को लेकर सभी विभागों के प्रधान सचिव, सचिव और सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनगणना कार्य निदेशक सह मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने अधिकारियों का स्वागत करते हुए स्व-गणना की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## गेहूं और मसूर खरीदारी में त्वरित भुगतान सुनिश्चित हो : सचिव

### खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव ने की गेहूं एवं मसूर अधिप्राप्ति की प्रगति की समीक्षा

- अधिप्राप्ति केंद्रों पर गुणवत्ता जांच की होगी सुदृढ़ व्यवस्था , किसानों को मिलेगा उचित मूल्य

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। रबी विपणन मौसम 2026-27 के अंतर्गत गेहूं एवं मसूर अधिप्राप्ति की प्रगति की समीक्षा के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति योजना के तहत गेहूं अधिप्राप्ति तथा प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत मसूर अधिप्राप्ति की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव ने निर्देश दिया कि अधिप्राप्ति कार्य में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं किसानों को त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान गन्नी बैग्स की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिप्राप्ति केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में गन्नी बैग्स उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि भंडारण एवं परिवहन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त गुणवत्ता नियंत्रण के लिए आवश्यक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति पर भी चर्चा की गई। सचिव ने निर्देश दिया कि अधिप्राप्ति केंद्रों पर गुणवत्ता जांच की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि राज्य सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा एवं उन्हें उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस बैठक में सहकारिता विभाग के निबंधक , सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार , बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह समेत कई अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नीतीश कुमार के विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं : निशांत

- जदयू दफ्तर में निशांत ने की पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात




पटना। गुरुवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में निशांत कुमार ने विभिन्न जिलों से आए पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने सभी का हाल-चाल जाना तथा संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी भी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान निशांत कुमार ने कार्यकताओं से नीतीश कुमार के विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। साथ ही, संगठन की मजबूती एवं विस्तार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निशांत कुमार के आगमन पर पार्टी कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह और उमंग देखने को मिला। बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता उनसे मिलने के लिए उमड़े, जिससे पूरे कार्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का माहौल बना रहा। इस मौके पर विधायक विनय कुमार चैधरी, ऋतुराज कुमार,शुभानन्द मुकेश,अतिरेक कुमार, राहुल सिंह, माँजरिक मृणाल, रूहेल रंजन, चेतन आनंद, पूर्व सांसद विजय मांझी, पूर्व मंत्री मंजर आलम, पूर्व विधानपार्षद रूदल राय, भूमिपाल राय,बिंदा चंद्रवंशी,अमरेश चैधरी सहित नेताओं एवं कार्यकताओं से निशांत कुमार से मुलाकात की।

### सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर मानव सेवा संघ ने गुब्बारे उड़ाकर किया खुशी का इजहार



पटना। बिहार के नए एवं भाजपा के पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण के बाद से ही उनके शुभ चिंतकों के द्वारा खुशियां मनाने का कार्यक्रम जारी है , सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में जहां एक तरफ लोगों के बीच मिठाइयां बांटी जा रही है वहीं दूसरी तरफ पटाखे भी छोड़े जा रहे हैं ,इसी कड़ी में मानव सेवा संघ की ओर से डॉ सुरेन्द्र प्रसाद , निदेशक (पीएचआई) की टीम ने पटना के नाला रोड में गरीबो के बीच मिठाइयां बांटी और पटाखे फोड़े । इस बीच मानव सेवा संघ के सदस्यों ने डॉ सुरेन्द्र प्रसाद की अगुआई में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलकर शुभकामनाएं दी और उनके आवास पर जाकर 201 गुब्बारे भी आकाश की ओर छोड़े ।इस दरम्यान डॉ सुरेन्द्र ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए सिर्फ एक औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि उत्साह, विश्वास और नई उम्मीदों का प्रतीक बन गया। गुब्बारे उड़ाना केवल एक उत्सव नहीं होता, यह एक संदेश होता है—उम्मीदों को ऊँचाई देने का, सपनों को आसमान तक पहुँचाने का, और यह विश्वास जताने का कि अब बिहार नई उड़ान भरेगा। हर एक गुब्बारा उन लाखों-करोड़ों लोगों की आशाओं का प्रतीक था, जो एक विकसित, सशक्त और भ्रष्टाचार-मुक्त बिहार का सपना देख रहे हैं। जब गुब्बारे आसमान की ओर बढ़ते हैं, तो वे हमें यह भी सिखाते हैं कि सीमाएँ केवल सोच में होती हैं—यदि इरादे मजबूत हों, तो ऊँचाइयाँ खुद रास्ता देती हैं। आज का यह छोटा सा प्रतीकात्मक कार्यक्रम इसी बड़े संदेश को लेकर था कि अब बिहार रुकने वाला नहीं, बल्कि तेज गति से आगे बढ़ने वाला है। इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र प्रसाद, पूर्व आईपीएस दयानंद कुमार,ई. पूर्णानन्द, मनोज जैन,अंजनी कुमार,कमलेश कुमार,आलोक कुमार,मनोज कुमार,कुणाल शुभम मौजूद रहे।

### मुजफ्फरपुर हत्याकांड मामले को लेकर डीजीपी से मिला राजद प्रतिनिधि मंडल

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के नेतृत्व में छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल, बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार से मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट थानान्तर्गत चोरनियां गांव में अजय राय, पिता भोला राय को थानेदार के द्वारा की गई हत्या के मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मिला। प्रतिनिधिमंडल में उदय नारायण चैधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजद, अलख निरंजन उर्फ बीनू यादव, राष्ट्रीय महासचिव, राजद, डॉ तनवीर हसन, प्रदेश उपाध्यक्ष, राजद, बिहार, रणविजय साहू, प्रदेश प्रधान महासचिव, राजद, बिहार, निरंजन राय, पूर्व विधायक, गायघाट, विधान सभा क्षेत्र, राजद, रमेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष, मुजफ्फरपुर जिला इकाई, राजद, मो एजाज अहमद, प्रदेश प्रवक्ता, राजद, बिहार मिला। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने सारी बातों को रखा और साथ हीं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा 25 मार्च, 2026 को घटना स्थल के दौरे क्रम में जो उन्हें जानकारी प्राप्त हुई है।

## नितिन नवीन का नया दायित्व देश और बिहार के विकास को नई गति देगा : सरावगी

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने गुरूवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, महामंत्री विनोद तावड़े, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा, जदयू के वरिष्ठ नेता रामनाथ ठाकुर, भाजपा प्रदेश महामंत्री शिवेश राम के राज्यसभा सांसद के शपथ ग्रहण में शामिल हुए और बधाई दी। इस क्रम में उंन्होने सभी के उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नए दायित्व को लेकर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनका यह नया दायित्व देश एवं बिहार के विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का अनुभव एवं जनसेवा के प्रति समर्पण से निश्चित रूप से आमजन की अपेक्षाओं को नई दिशा मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के सफल, प्रभावी एवं जनहितकारी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दी।



बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ग्रहण करने पर राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े को भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े का राजनीतिक अनुभव देश के उच्च सदन में देश के विकास के लिए मिलता रहेगा। संसद में राष्ट्रहित एवं जनकल्याण के मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ उठाते हुए वे विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, जदयू के वरिष्ठ नेता रामनाथ ठाकुर और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के बिहार से राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उंन्होने विश्वास के साथ कहा कि मुझे विश्वास है कि आप सभी सदन में बिहार के हितों को सर्वोपरि मानते हुए जन-आकांक्षाओं को नई दिशा देंगे।

## राजकीय पॉलिटेक्निक गुलजारबाग ने बनाया 100 प्रतिशत प्लेसमेंट का रिकॉर्ड

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। राजकीय पॉलिटेक्निक, गुलजारबाग, पटना 7 के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग ने इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट का रिकॉर्ड कायम रखा है। हाल ही में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में पी आर पैकेजिंग लिमिटेड, दिल्ली एनसीआर द्वारा चार विद्यार्थियों का चयन आकर्षक वेतन पैकेज पर किया गया।



चयनित विद्यार्थियों में रूचि कुमारी, शीला कुमारी, रोहित कुमार एवं प्रमोद कुमार शामिल हैं। यह संस्थान बिहार का एकमात्र राजकीय पॉलिटेक्निक है जहाँ डिप्लोमा इन प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम संचालित होता है, जिसकी वार्षिक नामांकन क्षमता 30 है।

संस्थान कई वर्षों से लगातार 100 प्रतिशत प्लेसमेंट का रिकॉर्ड बनाए हुए है। इस वर्ष संस्थान ने ईस्ट जोन प्रिंट ओलंपियाड फाइनल की मेजबानी भी की, जिसमें रूचि कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ईस्ट इंडिया जोन की सर्वश्रेष्ठ छात्रा का खिताब जीता और चीन में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय फाइनल के लिए चयनित हुईं।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. राम नाथ चौधरी, विभागाध्यक्ष (प्रभारी) बीर बहादुर सिंह, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट पदाधिकारी बृजेंद्र कुमार, सौरव सुमन एवं अजय कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी और इसे संस्थान की गुणवत्ता शिक्षा एवं उद्योग से मजबूत जुड़ाव का परिणाम बताया।

## नितिन नवीन अब संसद में बुलंद करेंगे बिहार की आवाज: मंगल

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री मंगल पांडेय ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व में न केवल संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि संसद में बिहार की आवाज भी और अधिक मजबूती के साथ उठेगी। श्री पांडेय ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और गृह मंत्री अमित शाह की विकासोन्मुखी सोच को नितिन नवीन नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार के विकास को नई गति देंगे। श्री पांडेय ने इस अवसर पर अन्य नव-निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, रामनाथ ठाकुर और शिवेश कुमार को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये सभी अनुभवी नेता लंबे समय से जनता के बीच सक्रिय रहे हैं और अब संसद में उनका अनुभव बिहार के हितों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। इनके संयुक्त प्रयासों से राज्य की विकास योजनाओं को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती मिलेगी, साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचा और रोजगार जैसे अहम क्षेत्रों में नीतिगत सुधार और तेज गति से संभव हो सकेगी। उन्होंने केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय को बिहार के विकास की कुंजी बताते हुए इसे सुनहरा अवसर करार दिया। श्री पांडेय ने पीएम मोदी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण को लेकर केंद्र सरकार की पहल की भी सराहना की और नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस कानून से महिलाओं को राजनीति में अधिक प्रतिनिधित्व मिलेगा।



## महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व प्रदान करने का नीतीश मॉडल आज पूरे देश के लिए अनुकरणीय बना : उमेश

- बोलें-आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी ऐतिहासिक रूप से बढ़ी है

**प्रात : किरण संवाददाता**




पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को जारी अपने बयान में कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में आधी आबादी के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बना। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इसका परिणाम है कि आज बड़ी संख्या में महिलाएं मेयर, जिला परिषद, ब्लॉक प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड पार्षद जैसे पदों तक पहुंचकर जनसेवा की मिसाल कायम कर रही हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व प्रदान करने के उद्देश्य से नीतीश कुमार द्वारा प्रस्तुत महिला सशक्तिकरण का मॉडल और उनके द्वारा दिखाई गई राह आज पूरे देश के लिए अनुकरणीय बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि यह पूरे देश, विशेषकर आधी आबादी के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि संसद के इस ऐतिहासिक विशेष सत्र के माध्यम से केंद्र की एनडीए सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा एवं देशभर की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने जा रही है। यह देश की लोकतांत्रिक संरचना को अधिक समावेशी, संतुलित और सशक्त बनाने की दिशा में एक दूरगामी एवं परिवर्तनकारी कदम है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब तक महिलाओं को उनकी उचित और सम्मानजनक भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जाएगी, तब तक विकसित भारत का संकल्प पूर्ण नहीं हो सकता। इस सत्य को हमारे नेता नीतीश कुमार ने बहुत पहले ही आत्मसात कर लिया था।

## मस्तिष्क-दुर्बलता से पीड़ित बच्चों के प्रति गहन संवेदना है स्पेक्ट्रम ऐंड बियोंड

- साहित्य सम्मेलन में लेखिका ज्योति झा की पुस्तक स्पेक्ट्रम ऐंड बियोंड का हुआ लोकार्पण, हुई लघुकथा-गोष्ठी

**प्रातः किरण संवाददाता**




पटना। मस्तिष्क-दुर्बलता से पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ गहरी संवेदना की अभिव्यक्ति है चर्चित लेखिका ज्योति झा की पुस्तक ह्यस्पेक्ट्रम ऐंड बियोंड। अंग्रेजी में आयी यह पुस्तक बच्चों में आ जाने वाली इस मस्तिष्क-दुर्बलता पर, जिसे अंग्रेजी में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिजौर्डर कहा जाता है, एक गहरी दृष्टि प्रदान करती है। लेखिका ने इस विषय पर गहरा अध्ययन और पीड़ित-बच्चों, उनके माता-पिता और उपचार करने वाले विशेषज्ञों के साथ साक्षात्कार कर पुस्तक के रूप में एक मार्ग-दर्शक दिया है, जो अस्वस्थ बच्चों के माता-पिता और समाज को संवेदनशील बनाता है। ऐसे बच्चों की भी परिवार और समाज में करुणा-पूरित स्वीकृति मिलनी चाहिए, ऐसा लेखिका का मत है। यह बातें गुरुवार को लेट्स इंस्पायर बिहार की साहित्यिक शाखा के सौजन्य से बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित पुस्तक-लोकार्पण समारोह और लघु कथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि ज्योति जी मानवीय संवेदना से परिपूर्ण एक प्रतिभाशाली लेखिका हैं। उनकी शोध-परक इस पुस्तक में समस्याग्रस्त अबोध बच्चों और समाज की पीड़ा की मर्म-स्पर्शी अभिव्यक्ति हुई है। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और लेट्स इंस्पायर बिहार के प्रणेता विकास वैभव ने कहा कि लोकार्पित पुस्तक की लेखिका ज्योति झा जी एक अत्यंत उत्साही, संवेदनशील और समाज की पीड़ा को शब्द देने वाली साहित्यकार हैं। इस पुस्तक में लेखिका ने ऑटिज्म के संबंध में बहुत ही गहराई से शोध कर लिखा है। यह पुस्तक ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के माता-पिता और उसकी देखभाल कारने वाले लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होगी। चेन्नई से पधारे तमिल और हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार डा गोविंद राजन बिहार राज्य बाल संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष डा निशा मदन झा, युवा कवि अविनाश बंधु, मदर्स टच, देवघर की संस्थापक-निदेशक डा रूपा श्री, किसलय किशोर तथा जयंती झा ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा लेखिका को बधाई दी। इस अवसर पर कवयित्री नम्रता कुमारी, विंग कमांडर उमेंद्र त्रिपाठी, अभिषेक कुमार झा तथा बाल-साहित्यकार अनुनय मिश्र को सम्मानित किया गया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

## एचएसआरपी कोड अपडेट के लंबित मामलों को जल्द निपटाएं : सचिव

- सभी जिलों के डीटीओ को दिए सख्त निर्देश, राज्यभर में 63 हजार से अधिक मामले लंबित
- खराब प्रदर्शन वाले 16 जिलों को चेतावनी

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। राज्य में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लेजर कोड अपडेट के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए परिवहन सचिव राजकुमार ने सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। सचिव ने सभी डीटीओ को लिखित आदेश में कहा है कि एचएसआरपी लेजर कोड अपडेट की प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए। विभागीय समीक्षा में पता चला है कि पूरे राज्य में 63 हजार से अधिक वाहन अभी भी बिना एचएसआरपी लेजर कोड अपडेट किए संचालित हो रहे हैं। देरी के कारण वाहन मालिकों को आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) प्रिंट कराने में काफी परेशानी हो रही है। आरसी कार्ड समय पर जारी नहीं हो पा रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**16 जिलों का प्रदर्शन खराब**

विभाग ने उन 16 जिलों को चिन्हित किया है जहां लंबित मामलों की संख्या सबसे अधिक है। इन जिलों में पटना, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सिवान, सीतामढ़ी, गया, भागलपुर, पूर्णिया, गोपालगंज, छपरा, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सुपौल और बेगूसराय शामिल हैं। परिवहन सचिव ने इन जिलों के डीटीओ को विशेष रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि वे तुरंत लंबित मामलों को निपटाएं।

**डीलरों पर भी सख्ती**

सचिव ने आगे बताया कि कई वाहन शोरूम अभी भी बिना एचएसआरपी प्लेट लगाए वाहन बेच रहे हैं। उन्होंने साफ निर्देश दिया कि कोई भी वाहन बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के डीलर शोरूम से बाहर

## एक सुदृढ़ प्रशासन के लिए अधिकारियों का मानसिक और शारीरिक रूप से फिट होना है जरूरी : प्रधान सचिव

पटना। बिहार के कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा और कुशल नेतृत्व के संचार के उद्देश्य से आयोजित किया गया सात दिवसीय विशेष एडवेंचर प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी स्थित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में आयोजित इस शिविर में बिहार कृषि विभाग के 150 पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के समापन समारोह में विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल शामिल हुए। 08 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण में कृषि विभाग के सहायक निदेशक, उप निदेशक, उप सचिव और जिला कृषि पदाधिकारी स्तर के अधिकारियों ने हिस्सा लिया ।इसका उद्देश्य पदाधिकारियों का शारीरिक एवं मानसिक क्षमता विकास के साथ-साथ नेतृत्व की क्षमता का विकास करना था। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने कहा, एक सुदृढ़ प्रशासन के लिए अधिकारियों का मानसिक और शारीरिक रूप से फिट होना अनिवार्य है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 17 अप्रैल, 2026



## संक्षिप्त खबरें

### मधुबनी में यातायात डीआईजी का आगमन, गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मान यातायात व्यवस्था की हुई समीक्षा

मधुबनी। पुलिस उप-महानिरीक्षक (यातायात), बिहार, पटना के मधुबनी आगमन पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मधुबनी पुलिस के जवानों ने उन्हें ह्रगार्ड ऑफ ऑनरह्र प्रदान कर सम्मानित किया इसके उपरांत उनके निर्देशानुसार समाहरणालय, मधुबनी के सभागार में बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में सड़क दुर्घटना विश्लेषण से संबंधित पोर्टल, दुर्घटना विवरण प्रतिवेदन प्रणाली, राजमार्ग गश्ती व्यवस्था, चालान निर्गमन प्रणाली सहित अन्य यातायात विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई पुलिस उप-महानिरीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, सूचनाओं के संकलन को सुदृढ़ करने तथा यातायात नियमो के पालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए। साथ ही आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया।बैठक में जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी, यातायात प्रभारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पीएम श्री नवोदय विद्यालय का 10वीं बोर्ड परिणाम 100%, छात्राओं ने मारी बाजी

मुंगेर। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, रमनकाबाद में कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल छा गया। विद्यालय ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। इस वर्ष शीर्ष तीन स्थानों पर छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अंजली कुमारी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, नैनसी प्रिया 91.29 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि सौम्या शर्मा ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन मेधावी छात्राओं की उपलब्धि ने विद्यालय का गौरव और बढ़ा दिया है। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि लगातार 100 प्रतिशत परिणाम विद्यालय के अनुशासन, शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। शिक्षकों और कर्मचारियों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह शानदार परिणाम विद्यालय के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

### संघर्ष मोर्चा के संयोजक ने बिहार के मुख्यमंत्री को दी बधाई

मुंगेर। राजग गठबंधन के नवनिर्वाचित नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भरोसेमंद सहयोगी विजेंद्र प्रसाद यादव एवं विजय चौधरी को उपमुख्यमंत्री के ताजपोसी पर प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन, सह संयोजक शकील अहमद, अक्षय कुमार, दीपक सिंहा, अनिल मंडल, अशोक रजक, शंकर दास, हेमंत कुमार, राम अवतार पंडित, योगेंद्र यादव उर्फ जोगी ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए इन्हें बधाई देते हुए यह आशा व्यक्त किया है कि अब बिहार के साथ-साथ मुंगेर प्रमंडल का सर्वांगीण विकास होगा। इन नेताओं ने कहा की प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा, मुंगेर के विकास संबंधित मुद्दे जैसे-नौवागढ़ी, मुंगेर स्थित चयनित भूमि पर मुंगेर विश्वविद्यालय का यथाशीघ्र निर्माण, मुंगेर प्रमंडल में एम्स की स्थापना, जमालपुर रेल विश्वविद्यालय की यथाशीघ्र स्थापना, बरियारपुर, खड़गपुर तारापुर, मननपुर रेल लाइन का शीघ्र निर्माण, मुंगेर में स्टेडियम का निर्माण, गौर बाबू होम्योपैथिक कॉलेज मुंगेर को पुनः सम्बन्धन दिलाकर नामांकन की प्रक्रिया शीघ्र चालू कराने, बंद पड़े बंदूक कारखाना को पुनः चालू कराने, मुंगेर प्रमंडल के सभी धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहर का विकास कर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने, मुंगेर जिले के कटाव क्षेत्र का सर्वे कराकर कटाव से बचाव के लिए अस्थाई निदान की व्यवस्था करने, खास महल की जमीन की उचित व्यवस्था कर मकान मालिकों को स्थायी तौर पर मालिकाना हक दिलाने, नए उद्योग की स्थापना कर जिले के बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का हर संभव प्रयास करने का उम्मीद जताया है।

# जनगणना 2027 की स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाने को लेकर डीएम की समीक्षा बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। जनगणना 2027 के अंतर्गत 17 अप्रैल से 1 मई तक संचालित होने वाली स्व-गणना प्रक्रिया के सफल एवं सुचारू क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान स्व-गणना प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी ऑडियो-वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस प्रक्रिया का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा आमजन के बीच व्यापक जागरूकता फैलाकर अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित कराएं।उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल से प्रारंभ होकर 1 मई तक चलने वाली इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सफलतापूर्वक संपन्न करना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना अनिवार्य होगा।बैठक में उप विकास आयुक्त सुमन प्रसाद साह, सिविल सर्जन डॉ. हरेंद्र कुमार, अपर समाहर्ता (आपदा) संतोष कुमार, अपर समाहर्ता (भू-राजस्व) मुकेश रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी परिमल कुमार, नगर आयुक्त उमेश कुमार भारती, उप निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) नीतीश कुमार पाठक, डीपीओ (नमामि गंगे) आनंद अंकित, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) ललिता कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।वही वर्चुअल माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम), डीसीएलआर, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अंचलाधिकारी (सीओ) कार्यपालक अभियंता एवं सीडीपीओ सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया।

# भूमि अधिग्रहण को लेकर चौडौन के पंचायत सरकार भवन में जिलाधिकारी ने की रैयतो के साथ बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर विश्व विद्यालय भूमि अधिग्रहण को लेकर चाड़ौन के पंचायत सरकार भवन में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में सभी रैयतों के साथ बैठक हुई। बैठक में भूमि अधिग्रहण हेतु होने वाले सर्वे तथा रैयतों की जमीन के मुआवजा पर चर्चा हुई। बैठक में अपर समाहर्ता मनोज कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पंकज कुमार गुप्ता सहित क्षेत्र के दर्जनों रैयत उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी रैयतों से अपील करते हुए कहा कि चड़ौन में मुंगेर विश्व विद्यालय के लिए जमीन का चयन किया गया है। इसमें आप तमाम रैयतों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है। इसके लिए आप सभी रैयत सबसे पहले सर्वे कार्य को पूर्ण होने दें। सर्वे होते ही जैसे ही जमीन अधिग्रहण का कार्य प्रारंभ होगा, सभी संबंधित रैयतों को जिला प्रशासन की ओर से उचित मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही हर्ष की बात है कि इस क्षेत्र को मुंगेर विश्व विद्यालय के लिए चिन्हित किया गया है।

आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र का सर्वांगिण एवं चहुमुखी विकास होना निश्चित है। इसमें आप सभी का सहयोग अत्यंत ही अपेक्षित है। जिन भी रैयतों की जमीन इस विश्व विद्यालय निर्माण में जाएगा उन्हें हर हाल में उचित मुआवजा दिया जाएगा। आगामी 21, 22 एवं 23 अप्रैल को सर्वे का कार्य प्रारंभ होना है। इस लिए आप सभी इस सर्वे कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न होने दें। जब तक सर्वे का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तब तक आप रैयतों की जो भी समस्याएं उसका समाधान संभव नहीं है। इस लिए आप सभी सर्वे कार्य में व्यवधान न उत्पन्न करें बल्कि अपना पूर्ण सहयोग दें, ताकि जिन रैयतों की जितनी जमीन अधिग्रहित की जाएगी उन्हें जमीन के आधार पर मुआवजा की राशि दी जाएगी। उन्होंने सभी रैयतों से अपील करते हुए कहा कि सर्वे के दौरान सभी रैयत अपने अपने जमीन के पूर्ण कागजात के साथ अपना अपना नाम हर हाल में अंकित कराएंगे, ताकि उन्हें स-समय उचित मुआवजा की राशि उपलब्ध करायी जा सके।

## स्कूली बच्चों ने लघु नाटक सहित अनेकानेक सांस्कृतिक प्रस्तुति कर लोगों किया प्रभावित



प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड के रघुनंदन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समर्था में पूर्व प्रधानाध्यापक राष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत पथ प्रदर्शक स्मृति से शेष रामनंदन प्रसाद सिंह की 25 वी पुण्यतिथि कौशल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने लघु नाटक सहित अनेकानेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। लघु नाटिका दहेज के खिलाफ, देश भक्ति गीत सहित कई प्रस्तुति की गई। लघु नाटिका में ज्योति प्रिया, रूपा, दिव्या, शबनम, सोनी, ज्योति, नेहा प्रिया, लक्ष्मी, सीमा, रौशन, उज्जवल, रीति राज, मिथिलेश, उत्कर्ष, आयुष, सुमित, रविरंजन अश्विनी, वही देशभक्ति में रूपा, नेहा, प्रिया, लक्ष्मी, दिव्या, सोनी, वक्त बदल देंगे में रूपा, ज्योति प्रिया, लक्ष्मी, नेहा प्रिया, दिव्या आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर काफी तालियां बटोरी। वही गंगा आरती का कार्यक्रम प्रमोद झा और मुकेश के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने किया।

# समारोह आयोजित कर रामनंदन बाबू की 25 वीं पुण्यतिथि कौशल दिवस के रूप में मनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत संचालित जिला के चर्चित विद्यालय रघुनंदन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय समर्था के प्रांगण में गुरुवार को पूर्व प्रधानाध्यापक राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत पथ प्रदर्शक स्मृति शेष रामनंदन प्रसाद सिंह की 25वीं पुण्यतिथि कौशल दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का सफल संचालन अवकाश प्राप्त शिक्षक रवींद्र कुमार सिंह ने की।कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय परिसर में लगे राम नंदन बाबू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर अतिथियों को स्वामी विवेकानंद की मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत म्यूजिक टीचर विवेकानंद अच्युत, मनीष कुमार मिश्र आदि की टीम ने हिन्दी, संस्कृत और मैथली में गीत गाकर किया। वही छात्रा ज्योति प्रिया, काजल, ज्योति, सोनी, दिव्या, लक्ष्मी आदि ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। वही समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए विभूतिपुर विधायक अजय कुमार ने कहा कि शिक्षक होना कोई बात नही परंतु रामनंदन बाबू जैसे बनना बड़ी बात है। आज के शिक्षको को उनसे सीख लेनी चाहिये। समर्था हाई स्कूल का गौरव शाली इतिहास सामूहिक प्रयास से ही लौट सकता है जिसमे शिक्षकों की भूमिका अहम होगी। शिक्षा में राजनीति नही होनी चाहिये। रामनंदन बाबू के आदर्शों का अनुकरण करना होगा। इस विद्यालय की खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः लौटाने के लिए सभी लोग मिलकर संकल्प ले यही रामनन्दन बाबू के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।सभा को बीडीओ सह प्रभारी बीईओ सुनील कुमार, राम पुनीत झा, अरुण कुमार झा, देवेश प्रभाकर आदि ने भी संबोधित करते हुए उनके विशाल व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम में लाइव के माध्यम से भारत विकास ग्रुप के सीईओ रूपल सिन्हा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अवकाश प्राप्त शिक्षक यशवन्त कुमार सिंह, विनय कुमार मुरारी, नवीन कुमार सिंह, प्रभारी एचएम संजीव कुमार झा, पूर्व जिला पार्षद रामदेव राय, वरिष्ठ साहित्यकार चांद मुसाफिर, चितरंजन कुमार, अरविन्द कुमार दास, विश्वनाथ मिश्र, महादेव महतो, राम विलास प्रवासी, रंजीत कुँवर, राजाराम महतो, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षका सहित विभिन्न विद्यालयों से आये शिक्षकगण, छात्रों सहित सैकड़ो गण्यमान्य नागरिक मौजूद थे।

## समाहरणालय परिसर में शोक सभा आयोजित दो पंचायत सचिवो के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

### जिला प्रशासन ने जताया शोक, दिवंगत कर्मियो के योगदान को किया याद



मधुबनी। जिले के दो कर्मठ एवं समर्पित कर्मियों के असामयिक निधन पर गुरुवार को समाहरणालय परिसर, मधुबनी में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया।ज्ञात हो कि रहिका प्रखंड के पंचायत सचिव स्वर्गीय सुरेश कुमार यादव का निधन 10 अप्रैल 2026 को तथा लौकही प्रखंड के पंचायत सचिव स्वर्गीय राम बहादुर यादव का निधन 16 अप्रैल 2026 को हो गया। उनके निधन से जिला प्रशासन एवं पंचायती राज विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है।शोक सभा में जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने दोनों दिवंगत आत्माओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय सुरेश कुमार यादव एवं स्वर्गीय राम बहादुर यादव ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से किया। उनके योगदान को सदैव स्मरण रखा जाएगा।इस अवसर पर समाहरणालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्माओ की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।शोक सभा का संचालन जिला मंत्री महासंघ रमण प्रसाद सिंह द्वारा किया गया।जिला प्रशासन, मधुबनी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

# अब बहाना नहीं अब काम चाहिए: विधायक

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। कांटी प्रखंड के मणिफुलकाहा पंचायत के रानी पोखर के मैदान में गुरुवार को विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस विकास शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने किया। इस मौके पर विधायक अजीत कुमार ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि अब बहाना नहीं जनता की काम होनी चाहिए। श्री कुमार ने इस विकास शिविर में अपने संबोधन के दौरान विरोधियों पर जमकर तंज कसते हुए कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि को कांटी क्षेत्र के जनता ने नकार दिया , इस कारण वे अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं, उन्हें गरीबों का विकास व कार्य रास नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि कांटी क्षेत्र के गाँव - पंचायतों में लग रहे विकास शिविर में लोगों का स्थानीय स्तर पर ही समस्याएं का निदान काफी सहूलियत के साथ हो रही है, इससे लोगों का समय व आर्थिक बचत भी हो रहा है। श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हमने जो आप मतदाता मालिकों से जो वादा किया था उसे विकास शिविर के माध्यम से पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं आगे भी जारी रखेगा। विधायक अजीत कुमार के इस कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। श्री कुमार ने विकास शिविर में आए हुए सभी लोगों की अनेकों समस्याओं को सुना, जिसमें स्थानीय लोगों ने राशन कार्ड, श्रम विभाग , आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, कृषि विभाग, कबीर अन्त्येष्टि, जन्म व मृत्यु, शिक्षा , वृद्धा पेंशन, कल्याण विभाग, वेपर लाइट , नल जल योजना , आईसीडीएस, बिजली विभाग समेत कई प्रमुख मामले को रखा, जिस पर उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मियों इन जन समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनता के कई मामले का ऑन स्पॉट निदान भी करवाया। इस शिविर में अधिकारियों ने अपने - अपने विभागों के कार्यों से लोगों को अवगत भी करवाया। स्थानीय लोगों ने श्री कुमार के समक्ष रानी पोखर का जिर्णोद्धार कार्य करवाने की मांग की जिसपर उन्होंने इस कार्य को बहुत जल्द ही अमली जामा पहनाने का ऐलान किया। विधायक ने आईसीडीएस द्वारा आयोजित गोद भराई रस्म की प्रक्रिया भी पूरी की एवं संबंधित अन्य सभी विभाग के स्टॉल का भी जायजा लिया एवं मौके पर उपस्थित कई बच्चों के बीच वस्त्र की वितरण किया। इस मौके पर बीडीओ सह प्रभारी बीईओ आनंद कुमार विभूति, सीओ पिंटू कुमार,सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कला, संस्कृति और समर्पण का संगम बना अभिव्यंजना महोत्सव का समापन

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर। नगर के क्यू मैक्स पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय ह्रअभिव्यंजना ह्र कला महोत्सव का समापन रविवार को उत्साह, सम्मान और रचनात्मकता के रंगों के बीच हुआ। बिहार कला मंच, पटना एवं बफ्टा, मुंगेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने कला प्रेमियों को एक मंच पर लाकर नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन कला दंगल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और कलाकारों के सम्मान ने माहौल को जीवंत बना दिया। प्रतिभागियों के बीच हुए कला दंगल में छोटू कुमार ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं अन्य कलाकारों ने भी अपनी प्रतिभा से दर्शकों को प्रभावित किया। समारोह का सबसे प्रेरणादायक क्षण तब आया जब झील पथ निवासी समाजसेवी स्वराज चंद्र साहा (भुवन दा) ने नंदलाल बोस की स्मृति में झील के समीप ह्रकलाधामह्र निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस घोषणा पर पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात चित्रकार मनोज कुमार साहनी ने अपनी बहुमूल्य पेंटिंग ह्रकलाधामह्र के लिए समर्पित कर कार्यक्रम की गरिमा को और ऊँचा किया। इसके साथ ही स्थानीय कलाकार रंजीत कुमार पंडित एवं विजय मालाकार ने भी अपनी कलाकृतियां—चार्ली चैपलिन की मूर्ति एवं आकर्षक पेंटिंग्स—समिति को भेंट की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रोशनी एंड ग्रुप द्वारा प्रस्तुत आदिवासी नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं क्यू मैक्स की छात्रा विद्या ने ह्रकौन दिशा में ले के चला रे बटोहियाह्र गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कल्प सोनी की प्रस्तुति ने भी समा बांध दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक राजन कुमार ने किया, जबकि डॉ. महेश चंद्र चौरसिया और साहित्यकार प्रदीप पाल का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। इस अवसर पर मधुसूदन आत्मीय, संजीव चंद्र साहा, हरेश कुमार सिंह, नरेश कुमार, निर्देशक प्रदीप झा, मानवेंद्र मेहता, रंजू प्रकाश, पवन शर्मा, प्रसन्नजीत कुमार, वशिष्ठ जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। तीन दिवसीय इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि छोटे शहरों में भी कला और संस्कृति की गहरी जड़ें हैं, जिन्हें सही मंच मिलते ही वे पूरे समाज को प्रेरित करने की क्षमता रखते हैं।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर क्षेत्र में जश्न



प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। प्रखंड अंतर्गत मकरमपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं द्वारा भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। मौका था भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी के बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण का। इस मौके पर पार्टी से जुड़े पदाधिकारियों एवं महिला मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं ने ढोल-ताशों के साथ नृत्य कर खुशी का इजहार किया। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी गई तथा उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटी गईं। कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष निभा देवी ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में विकास और सुशासन का नया अध्याय शुरू होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी राजनीतिक भागीदारी को और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम स्थल पर सम्राट चौधरी जिंदाबाद और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, महिलाएं एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर जिला मंत्री सोनू ठाकुर, मंडल अध्यक्ष (बेनीपुर पूर्वी) रजनीश सुंदरम, राहुल झा, अजय झा, पप्पू मिश्रा, बमबम चौधरी, निखलेश चौधरी, अमजीत चौधरी, रेणु देवी, वीणा देवी, सरोज कमती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने नव नियुक्त मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं।

# बेनीपुर विधायक के सफल प्रयास से बहेड़ी कॉलेज को मिली पीजी पढ़ाई की मंजूरी

प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। बहेड़ी बिलट महथा आदर्श महाविद्यालय में सत्र 2026-28 से वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर पढ़ाई शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। इससे पहले कला संकाय में पीजी की पढ़ाई स्वीकृत है, जबकि स्नातक स्तर पर विज्ञान (2022) और वाणिज्य (2025-29) की पढ़ाई पहले ही शुरू की जा चुकी है। सरकार द्वारा महाविद्यालय में भवन निर्माण, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब सहित बुनियादी सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। इस निर्णय से क्षेत्र के छात्रों, विशेषकर छात्राओं, को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने इस फैसले पर आभार जताया, वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों और एनडीए कार्यकताओं ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया। ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल के अंतिम मंत्रीमंडल ने उक्त निर्णय को सामिल किया जिसके लिए विधायक श्री चौधरी ने उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई दी है। साथ ही युवा जदयू के जिला अध्यक्ष राम शंकर सिंह सहित एनडीए गठबंधन के कार्यकताओं ने निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए बधाई दी है। शैक्षणिक क्षेत्र में हुए इस ऐतिहासिक कार्य से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। इसको लेकर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मनोज लाल देव, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजू चौधरी,जदयू प्रखंड अध्यक्ष नवीन सिंह,गजेंद्र प्रसाद सिंह, शिवजी मंडल,विजय महतो, विपिन कुमार,प्रदीप गुप्ता,संतोष साह, राधा रमन मंडल,मनीष कुमार,मनोज सिंह, इंद्र लालदेव,राम शंकर मंडर,अंकित झा, फूलकुमारी देवी,प्रमोद महतो,समतोला देवी,राम उदगार यादव, विमलेश शर्मा बच्चे दास, सुनील सिंह,अंशु राय,लक्ष्मण ठाकुर,सहीत अन्य ने विधायक की

## बुधनगर सीतारामपुर गांव में एक छोटे बच्चों का नया फुटबॉल टीम हुआ तैयार

भागलपुर। जिले के नगर परिषद सुल्तानगंज के वार्ड 19 के बुधनगर सीतारामपुर गांव में एक छोटे बच्चों का नया फुटबॉल टीम हुआ तैयार/इस, मामले फुटबॉल कोंच रंजीत कुमार मांझी ने बताया कि बुधनगर सीतारामपुर गांव में स्कूल के बचें जो कक्षा पांचवीं से दशम वर्ग के।

# वंदे भारत ट्रेन मे हो रहा यात्रियों का शोषण: मनीष कुमार मिश्रा

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। वंदे भारत ट्रेन मे हो रहा यात्रियों का शोषण, वाराणसी से देवघर जाने वाली वंदे भारत गारी संख्या 22500 मे यात्री जब एक्स्ट्रा खाना या कुछ लेने पर कैंटिन वालो द्वारा बिल नही दिया जाता है/ मांगने पर एक से 2 घंटे बाद देते है,जिसमे बहुत से यात्री उतर भी जाते है, क्ष्ब्ळ्ळ्उ के अधिकारी इस मामले को टालते है, भ्रस्टाचार मुक्त भारत मिशन के निदेशक मनीष कुमार मिश्र ने इस संदर्भ मे प्रधानमंत्री,रेलमंत्री सहित क्ष्ब्ळ्ळ्उ के अधिकारी को मेल कर अवगत कराया है,मनीष कुमार मिश्रा ने बताया की लाइसेंसी वेंडर यात्री के साथ बिल मांगने पर अभद्रता भी करते है सामाजिक कार्यकर्ता अनिता देवी ने कहा की वराणसी देवघर वंदे भारत मे क्ष्ब्ळ्ळ्उ के कर्मी और लाइसेंसी वेंद के आचरण से महिलाओ को भी डर लगने लगा है,क्ष्ब्ळ्ळ्उ को इस पर संज्ञान लेना चाहिए कि बात कही है/इस दौरान दर्जनों रेल यात्री मौजूद थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना**

(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –01/2026–27**

बिहार सरकार

निम्नांकित कार्य हेतु **Engineering Procurement and Construction basis (EPC)** आधार पर इस बिड (तकनीकी एवं वित्तीय बीड) सिस्टम में ऑन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 11.04.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 24.04.2026 से 19.05.2026 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 24.04.2026 से 19.05.2026 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :–दिनांक–29.04.2026 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना। :–दिनांक–30.04.2026 को 15:00 बजे मुख्य अभियंता(प0) का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, पटना।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) :–दिनांक–20.05.2026 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन

10. **कार्य विवरणी**:–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसींग राशि सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Prefabricated/Pre-engineered POTA cabin in jail on EPC (Engineering Procurement and Construction) basis at AKK Buer, Patna and Camp jail Phulwarisharif, Patna for the year 2026-27 (Total no of cabin -02 nos) | 84,33,140/– | 1,68,700/– | 10,000/– | As Per Online Requirement | 06 माह |

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से भी प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना**

PR- 000913 (BCD) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त खबरें

### हरिहरनाथ से मुक्तिनाथ तक सांस्कृतिक रथ यात्रा त्रिवेणी पहुंची, किया गया भव्य स्वागत

बगहा। धर्म जागरण मंच के बैनर तले हरिहरनाथ से मुक्तिनाथ धाम तक निकाली गई सांस्कृतिक रथ यात्रा बुधवार की रात्रि त्रिवेणी स्थित गजेन्द्र मोक्ष धाम पहुंची। यहां धाम के प्रभारी स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने रथ यात्रा का विधिवत स्वागत-सत्कार किया। रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार सुबह यात्रा लुंबिनी के लिए प्रस्थान कर गई।धर्म जागरण मंच की महासचिव डॉ. रिंकी कुमारी ने बताया कि मंच द्वारा पिछले 11 वर्षों से निरंतर हरिहरनाथ से मुक्तिनाथ धाम तक यह रथ यात्रा निकाली जा रही है। 14 अप्रैल को हरिहरनाथ में विधिवत पूजन के बाद नारायणी नदी के चरण स्थल से शुरू हुई यह यात्रा पूर्ण रूप से सांस्कृतिक स्वरूप की है।

उन्होंने बताया कि यह यात्रा त्रिवेणी से गोपीगंज, लुंबिनी, पाल्पा, रीडी और गुल्मी होते हुए 17 अप्रैल को बागलुंग पहुंचेगी, जबकि 18 अप्रैल को मुक्तिनाथ धाम में इसका समापन होगा।डॉ. रिंकी कुमारी ने कहा कि भारत और नेपाल आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक रूप से एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। इसी संबंध को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से हर वर्ष इस रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर दोनों देशों के रोटी-बेटी संबंध को और सुदृढ़ कर रहे हैं।रथ यात्रा में डॉ. आशुतोष कुमार, अजीत कुमार आर्य, विनोद सिंह, प्रशांत, विजय समेत दर्जनों सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हैं।

### वाल्मीकिनगर के सेंट जेवियर्स विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

बगहा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 15 अप्रैल 2026 को घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में वाल्मीकिनगर स्थित सेंट जेवियर्स विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।विद्यालय के छात्र आयुष देवांशी (पिता- राजेश देवांशी) ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। वहीं प्रीति कुमारी (पिता- मुन्ना यादव) ने 86 प्रतिशत तथा फरीदा खातून (पिता- अफजल अंसारी) ने 83 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरनाथ सिंह ने छात्रों की इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों के परिश्रम और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेंट जेवियर्स के प्रबंध निदेशक अमरनाथ गुप्ता ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देने का प्रयास जारी रहेगा।गौरतलब है कि सेंट जेवियर्स विद्यालय के छात्र-छात्राएं पूर्व वर्षों में भी जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर वाल्मीकिनगर का मान बढ़ाते रहे हैं।

### सेमरी मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के तृतीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया

साठी।स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार की शाम श्री राम जानकी मंदिर में भगवान राम के अप्राण प्रतिष्ठा के तृतीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जागरण और भंडारे का भी आयोजन किया गया था। तृतीय वर्षगांठ उत्सव का उद्घाटन नरकटियागंज नगर सभापति रीना देवी ने पिता काटकर किया।इस दौरान नगर सभापति ने कहा कि ऐसे आयोजन से हमारे सभ्यता और संस्कृति की झलक नजर आती है। मेरे लिए यह अपार हर्ष की बात है कि प्रभु श्री राम के उत्सव में भाग लेने का मौका मिला ।इस दौरान बिहार सरकार के पूर्व आईएएस अधिकारी अजय द्विवेदी भेड़िहरवा पंचायत के मुखिया अभिजीत कुमार उर्फ सनी दुबे भाकपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश क्रांति साठी भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमारी किरण पूर्व मुखिया राकेश मिश्रा सत्येंद्र राव वार्ड संघ के जिला अध्यक्ष दीपक रावत पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार शाह सचिव सुदेश कुमार कुशवाहा सदस्य राकेश कुमार, पप्पू शाह, टेकमन हाजरा, मनीष कुशवाहा ,पप्पू राव विजय सोनी रामाधार साह सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

### सारण में सोलर योजना को लेकर प्रशासन सख्त, हर घर तक स्वच्छ ऊर्जा पहुंचाने का लक्ष्य

छपरा। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी ने सोलर ऊर्जा योजना को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक घरों तक स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा पहुंचाना है, ताकि बिजली पर निर्भरता कम हो और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले।सोलर योजना के तहत पात्र लाभुकों का चयन पारदर्शी होगा।

# भारत- नेपाल सीमा पर सुरक्षा, तस्करी रोकथाम और नशा नियंत्रण को लेकर उच्चस्तरीय बैठक सम्पन्न

**प्रातः किरण संवाददाता**



बेतिया।बेतिया में भारतझनेपाल सीमा क्षेत्र की विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसी क्रम में एनकॉर्ड (ठउडफ्क) की बैठक भी सम्पन्न हुई, जिसमें प्रशासन, पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के वरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में विशेष रूप से मादक पदार्थों की अवैध तस्करी और उससे जुड़े अपराधों पर नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को तत्काल चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जाए और उसे शीघ्र हटाया जाए। उन्होंने कहा कि विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

नशा मुक्ति को लेकर जिला प्रशासन ने जागरूकता अभियान तेज करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नशामुक्ति केंद्रों, नशा विरोधी संदेशों और रोकथाम से जुड़े कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि आम लोगों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा सके। इस हेतु जीविका, आईसीडीएस, शिक्षा एवं मद्य निषेध विभाग को प्रभावी रूप से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मादक पदार्थों के खिलाफ नियमित छापेमारी अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए।बैठक में वित्तीय गतिविधियों पर निगरानी को भी अहम माना गया।

जिला पदाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को संदिग्ध बैंक लेन-देन पर नजर रखने और ऐसे खातों की जानकारी क्षेत्रीय कार्यालय, फ्इकतथा संबंधित पुलिस अधीक्षक को देने का निर्देश दिया, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। इसके साथ ही शेष बचे म्यूल एकाउंट से संबंधित जानकारी भी शेयर करें। एटीएम में फेक इंडियन करेंसी की पहचान हेतु सभी एटीएम में मशीन का अधिष्ठापन भी कराएं।जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि संदिग्ध बैंक खातों की सूची सहित एफसीआर की फंडिंग से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि एनडीपीएस से संबंधित मामलों पर विशेष नजर बनाकर रखना है। अवैध व्यापार से संपति, रुपया अर्जित करने वालों की सूचना संग्रहित करें ताकि विधि सम्मत कार्रवाई की जा सके।

फर्जी आधार कार्ड के मामलों पर सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि इसके लिए खुफिया जानकारी जुटाकर संयुक्त रूप से छापेमारी की जाए।

कॉमन सर्विस सेंटर (उरढ) की रैंडम जांच कर फर्जी आधार कार्ड को निरस्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सीमा क्षेत्र में विदेशी नागरिकों की पहचान कर उनकी वापसी की प्रक्रिया को भी तेज करने का निर्देश दिया गया।

# दो से अधिक संतान होने का तथ्य छुपाने में नगर निगम में वार्ड 24 के पार्षद एनामुल हक को निर्वाचन आयोग ने किया पदमुक्त

**बीते साल दायर वाद की सुनवाई पूरी करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग से पारित सख्त आदेश से मचा हड़कंप**

- जांच रिपोर्ट सौंपने में देरी करने वाले नगर निगम सहित अन्य अधिकारियों पर दो सप्ताह में कड़ी कार्रवाई का डीएम को निर्देश
- पदमुक्त नगर पार्षद पर लगाया गया था पद के दुरुपयोग और बैठकों में बवेला मचाकर सरकारी विधायी कार्यों व्यवधान का भी आरोप

**प्रातः किरण संवाददाता**

बेतिया। दो से अधिक संतान होने का तथ्य छुपाने में नगर निगम में वार्ड 24 के नगर पार्षद एनामुल हक को निर्वाचन आयोग ने तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया है।बिहार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा वाद संख्या 04/2025 (जेबा जबीं बनाम एनामुल हक) की सुनवाई पूरी करते हुए यह सख्त फैसला बुधवार को सुनाया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि एनामुल हक ने 04 अप्रैल 2008 के बाद दो से अधिक जीवित संतान होने के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य थे। इसके बावजूद उन्होंने वैधानिक बाध्यताओं के विरुद्ध के तथ्यों को छिपाते हुए गलत शपथ पत्र तथा अंतिम संतान का भ्रामक जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर वार्ड संख्या 24, नगर निगम बेतिया से पार्षद पद पर निर्वाचन हासिल किया।

राज्य निर्वाचन आयोग ने बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 18(1)(एम) एवं 18(2) के तहत उन्हें अयोग्य घोषित करते हुए तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करने का आदेश दिया है। साथ ही वार्ड 24 का पद रिक्त घोषित कर नियमानुसार पुनः निर्वाचन कराने का निर्देश भी जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त, आयोग ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि एनामुल हक के विरुद्ध गलत हलफनामा दायर करने और तथ्य छिपाने के आरोप में अधिनियम की धारा 447 एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वही आयोग के आदेश के विपरीत मामले में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने में अप्रत्याशित विलंब को गंभीर मानते हुए आयोग ने संबंधित जांच पदाधिकारी से स्पष्टीकरण लेने तथा दो सप्ताह के भीतर मंतव्य सहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया है।आयोग के इस सख्त आदेश से बेतिया नगर निगम में हड़कंप मच गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नगर निगम में वार्ड 24 के पदमुक्त नगर पार्षद एनामुल हक पर वादिनि के द्वारा पद के दुरुपयोग और बैठकों में बवेला मचाकर सरकारी विधायी कार्यों व्यवधान का भी आरोप लगाया गया था। जिसका उल्लेख भी राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अपने फैसले करते हुए कृत्य की निंदा की गई है। पूर्व में एनामुल हक और उनके सहयोगी द्वारा नगर आयुक्त के चेंबर में नग्न होकर हंगामा करने का मामला भी सामने आया था।

# भीषण गर्मी को लेकर हाई अलर्ट, जंगल में आग से निपटने की तैयारी तेज

- सेटेलाइट से रखी जा रही नजर ,खास कर नेपाल से लगने वाले उंची पहाड़ी जंगलो पर:वन संरक्षक

**प्रात: किरण संवाददाता**

बगहा।भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। जंगल में आग की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए विशेष एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है और निगरानी व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। वन विभाग के वन संरक्षक के अनुसार गर्मी के मौसम में सूखी पत्तियों और तेज हवाओं के कारण आग लगने की आशंका अधिक रहती है। इसे देखते हुए जंगल के संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां फायर लाइन (अग्नि रेखा) बनाई जा रही है, ताकि आग फैलने से रोकी जा सके। नेपाल से लगने वाले पहाड़ी जंगलो पर सेटेलाइट से नजर रखी जा र-ही है। इसके अलावा वनकर्मियों की विशेष टीम गठित कर 24 घंटे पेट्रोलिंग कराई जा रही है। जंगल के अंदर वॉच टावर और फायर अलर्ट सिस्टम को भी सक्रिय कर दिया गया है।

किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड और पानी के टैंकर को तैयार रखा गया है।वन विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों और पर्यटकों से अपील की है कि जंगल क्षेत्र में आग से संबंधित किसी भी लापरवाही से बचें और सूखी घास या पत्तियों में आग न लगाएं। साथ ही संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचना देने को कहा गया है।

# मोरारी बापू के सहयोग से होगा वाल्मीकि आश्रम का विकास, 18 अप्रैल को बैठक सुनिश्चित

**प्रात: किरण संवाददाता**



बगहा। परम पूज्य संत मोरारी बापू के सहयोग से वाल्मीकिनगर स्थित वाल्मीकि आश्रम के विकास का मार्ग प्रशस्त होने जा रहा है। आश्रम में मूलभूत सुविधाओं के निर्माण को लेकर पहल तेज हो गई है।बताया जाता है कि मोरारी बापू ने 1 जून से 9 जून 2024 तक वाल्मीकिनगर में आयोजित राम कथा के दौरान वाल्मीकि आश्रम का दर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने आश्रम में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर चिंता जताते हुए इसके विकास के लिए सहयोग का आश्वासन दिया था।इसी क्रम में बापू के सहयोगी अमर तुलस्यान, प्रांजल तुलस्यान समेत गुजरात से उनके अनुयायी 18 अप्रैल को वाल्मीकिनगर पहुंच रहे हैं। वे आश्रम की देखरेख कर रही विश्व सनातन धर्म स्थापनार्थ वाल्मीकि आश्रम जिला समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करेंगे।इस संबंध में एलीफेंटा रिसोर्ट्स के प्रबंधक आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि 18 अप्रैल को मोरारी बापू एवं समिति के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय श्रद्धालु भी शामिल रहेंगे। बैठक में आश्रम के समग्र विकास, आवश्यक सुविधाओं के निर्माण और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

उम्मीद जताई जा रही है कि इस पहल से वाल्मीकि आश्रम का विकास सुनिश्चित होगा और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# निजी विद्यालयों की मनमानी पर जिला प्रशासन सख्त, अभिभावकों को मिली बड़ी राहत

- निजी स्कूलों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी, पारदर्शिता पर जोर
- शुल्क और यूनिफॉर्म नियमों पर सख्ती

**प्रात: किरण संवाददाता**

बेतिया। पश्चिम चंपारण जिले में निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी तरनजोत सिंह द्वारा जारी आदेश में निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। इस निर्णय से जिले के करीब डेढ़ लाख से अधिक छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी।

जिले में वर्तमान में 552 प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालय और 39 सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूल संचालित हैं। इन विद्यालयों के खिलाफ लंबे समय से अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा अत्यधिक शुल्क वसूली, अनावश्यक फीस, तथा विशेष दुकानों से किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए मजबूर किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। प्रशासन द्वारा इन शिकायतों की गंभीरता से जांच की गई, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आईं।

जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब कोई भी निजी विद्यालय अभिभावकों को किसी एक निश्चित दुकान या विक्रेता से किताबें, कॉपियां, यूनिफॉर्म या अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेगा। अभिभावकों को अपनी सुविधा और आर्थिक स्थिति के अनुसार किसी भी दुकान से सामान खरीदने की पूरी स्वतंत्रता होगी।

इसके अलावा, सभी विद्यालयों को अपनी फीस संरचना, पाठ्यपुस्तकों की सूची, यूनिफॉर्म का विवरण और अन्य आवश्यक सामग्री की जानकारी विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करनी होगी। जहां संभव हो, यह जानकारी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध करानी होगी, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि स्कूलों द्वारा बार-बार यूनिफॉर्म बदलने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाएगी। एक बार तय की गई यूनिफॉर्म को कम से कम तीन वर्षों तक नहीं बदला जाएगा, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। साथ ही, छात्रों को बड़े भाई-बहनों की पुरानी किताबों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने का भी निर्देश दिया गया है।

# शिकारियों की आशंका पर वीटीआर में हाई अलर्ट ,सीमा क्षेत्रों में बढ़ी चौकसी

- भीषण गर्मी को लेकर वीटीआर जंगल मे छोटे बड़े वॉटर हॉल मे नियमित भरा जा रहा पानी: गौरव ओझा

**प्रात: किरण संवाददाता**



बगहा। भारत-नेपाल सीमा से सटे वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में शिकारियों की संभावित घुसपैठ की आशंका को लेकर वन विभाग ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। जंगल के संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है और चौकसी को और सख्त कर दिया गया है।

वन संरक्षक गौरव ओझा के अनुसार नेपाल सीमा से सटे जंगलों में अवैध शिकार की गतिविधियों की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए विशेष गश्ती दलों का गठन किया गया है, जो दिन-रात जंगल में पेट्रोलिंग कर रहे हैं। साथ ही एसएसबी और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय बनाकर संयुक्त कार्रवाई भी की जा रही है। जंगल के अंदर और सीमा क्षेत्रों में चेक पोस्टों की संख्या बढ़ा दी गई है।

संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वॉच टावर और ट्रैकिंग सिस्टम को सक्रिय कर दिया गया है। वनकर्मियों को सतर्क रहने और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।वहीं वीटीआर जंगल स्थित 154 वॉटर हॉल मे नियमित पानी भरा जा रहा है ताकि जानवरो को पानी के लिए भटकना नहीं पड़े और जंगलो से बाहर निकलना नहीं पड़े।

वन विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों से भी सहयोग की अपील की है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत अधिकारियों को देने को कहा गया है, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।वन अधिकारियों का कहना है कि वन्यजीवों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सहारा वृद्धाश्रम का भव्य शुभारंभ, बुजुर्गों के सम्मान की दिशा में अहम पहल

## स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन के लिए नई उम्मीद

**प्रात: किरण संवाददाता**




बेतिया। सामाजिक सुरक्षा निदेशालय, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत पश्चिमी चंपारण के बेतिया में सहारा वृद्धाश्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। उमंग बाल विकास आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण संस्थान (पटना) द्वारा संचालित इस पहल को जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधायुक्त जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं रिबन काटकर किया गया। यह वृद्धाश्रम बेतिया के बड़ा रमना अनाथालय कैंपस में स्थापित किया गया है, जहाँ पूर्व में मुख्यमंत्री वृद्ध जन आश्रय स्थल संचालित था। अब यह नगर निगम से समाज कल्याण विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है।

उद्घाटन अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा विकास कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता (ऊउछफ) शिवम गुप्ता, सहायक निदेशक बाल संरक्षण दिलीप कामत, नगर प्रबंधक संतोष कुमार, उमंग बाल विकास के सचिव सतीश कुमार, अधीक्षक आदित्य कुमार मधुकर एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अंजनी कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस दौरान वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच हेल्थ किट, फूड किट और आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया। 15 अप्रैल को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लाभार्थियों एवं कर्मियों का चयन भी किया गया। उमंग बाल विकास संस्था ने अपने निजी संसाधनों से वृद्धाश्रम को एक ई-रिक्शा भेंट किया, जो बुजुर्गों के आवागमन, चिकित्सकीय जरूरतों और मनोरंजनात्मक गतिविधियों में सहायक होगा।

सहारा वृद्धाश्रम बुजुर्गों के लिए केवल आश्रय नहीं, बल्कि सम्मान और देखभाल का प्रतीक बनकर उभरा है, जहाँ उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और गरिमामय जीवन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# सीपीएस के 10वीं के छात्रों ने लहराया परचम, टॉपर्स ने बढ़ाया मान

छपरा। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में सेंट्रल पब्लिक स्कूल, छपरा ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया मानक स्थापित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।विद्यालय की छात्रा दीक्षा राज एवं छात्र प्रिंस राज ने 96.02% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आदित्य कुमार ने 96% अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा माहि कुमारी ने 95% अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने शानदार उपलब्धि दर्ज की। अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान में 99-99 अंक, गणित एवं विज्ञान में 97-97 अंक, हिंदी में 96 अंक तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 100 में 100 अंक प्राप्त हुए, जो विद्यालय की मजबूत शैक्षणिक नींव को दर्शाता है।

यदि समग्र परिणाम की बात करें तो 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 5 विद्यार्थी रहे, जबकि 90% से अधिक अंक पाने वाले 28 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 70 तथा 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 102 विद्यार्थी रहे।

# सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ

**प्रात: किरण संवाददाता**

छपरा। जिले में स्काउट एवं गाइड गतिविधियों को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, छपरा में प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। यह शिविर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) के पत्र के आलोक में विधिवत रूप से संचालित किया जा रहा है।

शिविर का उद्घाटन सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन सह उपाध्यक्ष भारत स्काउट और गाइड सारण डॉ० हरेन्द्र सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य मुरारी सिंह द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया गया। उद्घाटन के साथ ही पूरे परिसर में देशभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना का वातावरण देखने को मिला।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) द्वारा शिविर संचालन हेतु अनुभवी एवं प्रशिक्षित स्काउट शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। शिविर प्रधान के रूप में श्री प्रमोद कुमार सिंह (एचडब्ल्यूबी स्काउट मास्टर), प्रणव सिंह (एडवांस स्काउट मास्टर), श्रीमती शारदा शर्मा (एडवांस स्काउट मास्टर) एवं सुनीता मिश्रा (अवध उच्च विद्यालय, चैनपुर चरहियारा) अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं शिविर सहायक के रूप में अर्चना सिन्हा (उच्च माध्यमिक विद्यालय अमनौर कल्याण), आलोक राज (मध्य विद्यालय दुर्गटोला) एवं आशुतोष कुमार (बेसिक स्काउट मास्टर) सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इस प्रशिक्षण शिविर में छात्र-छात्राओं को स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों – अनुशासन, नेतृत्व, टीम वर्क, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, गाँठ बांधने की कला, मानचित्र अध्ययन,मार्च पास्ट,ड्रिल एवं देश सेवा की भावना – का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिभागी छात्र उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग ले रहे हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है।

मौके पर विद्यालय प्रबंधक डॉ० विकास कुमार सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज एवं उप प्राचार्य फतेह बहादुर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रिविलगंज के आर्यन गुप्ता ने सीबीएसई 10वीं में 94.4% अंक लाकर बढ़ाया मान,एनडीए अधिकारी बनने का सपना

रिविलगंज।नगर पंचायत रिविलगंज क्षेत्र के सेमरिया निवासी शिक्षक अमरनाथ गुप्ता एवं प्रधान शिक्षिका सीमा गुप्ता के पुत्र आर्यन गुप्ता ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं परीक्षा में 94.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, स्कूल और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार सफलता से इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है।आर्यन गुप्ता सैनिक स्कूल हथुआ गोपालगंज के छात्र है। आर्यन गुप्ता शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहा हैं।उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता,शिक्षकों और नियमित मेहनत को दिया।आर्यन गुप्ता का कहना है कि उन्होंने रोजाना निर्धारित समय के अनुसार पढ़ाई की और हर विषय को समझकर पढ़ने पर जोर दिया, जिससे उन्हें बेहतर परिणाम मिला। आर्यन गुप्ता के पिता अमरनाथ गुप्ता ने बताया कि उनका बेटा हमेशा से पढ़ाई को लेकर गंभीर रहा है और उसने कभी भी मेहनत से पीछे नहीं हटना सीखा। वहीं, शिक्षकों ने भी आर्यन गुप्ता की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि वह अनुशासित और लगनशील छात्र है।आर्यन गुप्ता का सपना आगे चलकर भारतीय सेना में अधिकारी बनने का है। इसके लिए वह अभी से अपनी तैयारी की योजना बना रहा हैं। उनका मानना है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत लगातार की जाए, तो सफलता जरूर मिलती है।

# लियो क्लब छपरा टाउन और किलकारी बिहार बाल भवन सारण ने किया चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

छपरा। लायंस क्लब की युवा इकाई लियो क्लब छपरा टाउन और किलकारी बिहार बाल भवन सारण के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया।छात्र छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ के हिस्सा लियो क्लब ऑफ छपरा टाउन एवं किलकारी बिहार बाल भवन सारण, छपरा के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किलकारी बिहार बाल भवन सारण में किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कुंवर जायसवाल, राखी गुप्ता और क्लब के सचिव मनीष कुमार मनी ने किया।

इस कार्यक्रम के दौरान किलकारी के शिक्षक प्रकाश सर ने छात्र छात्रा और लियो क्लब छपरा टाउन संस्था को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया है जो कि बहुत ही सराहनीय कार्यक्रम है। वही लियो क्लब के अध्यक्ष लियो अमित सोनी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र छात्रा बहुत ही अच्छी पहल से चित्र प्रदर्शित करने का मौका मिला।

सफल कार्यक्रम आयोजन करने में मुख्य रूप से लियो सचिव उज्जवल मिश्रा, कार्यक्रम चेयरपर्सन आशुतोष, अली अहमद, सलमान, अभिषेक, अमर, कबीर, राहुल राज और किलकारी के सहयोगी में प्रकाश जी , अखिल जी, प्रमोद जी , इत्यादि और प्रियदर्शिनी,छात्र छात्राएं, शिक्षक आदि मौजूद रहे।

# विकास के पथ पर दौड़ता बलथर पंचायत, जनता ने सराहा, युवा मुखिया सुनील कुमार सिंह का कार्य

**प्रात: किरण संवाददाता**




आयुष्मान आरोग्य मंदिर | पंचायत में सड़क निर्माण | मनरेगा से बांध निर्माण का निरीक्षण | नाला निर्माण | पंचायत का भव्य सूर्य मंदिर छठ घाट | पटना में सम्मानित होते हुए | शवदाह गृह के पास स्विमिंग पूल | जल जीवन हरियाली अंतर्गत कुएं का जीर्णोद्धार | पंचायत भवन

बेतिया।पश्चिमी चम्पारण जिले के सिकटा प्रखंड का बलथर पंचायत आज तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। पंचायत में हुए व्यापक विकास कार्यों से ग्रामीणों में खुशी और संतोष का माहौल है। हर क्षेत्र में बदलाव साफ नजर आ रहा है, जिससे यह पंचायत क्षेत्र में एक उदाहरण बनता जा रहा है।

इस विकास के पीछे पंचायत के युवा मुखिया सह सिकटा प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। उनकी सक्रियता,ईमानदारी,मृदुल भाषी और जनसेवा की भावना ने पंचायत को एक नई दिशा दी है। वे लगातार जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं और उसका त्वरित समाधान कराने का प्रयास करते हैं।

पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि युवा मुखिया सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के नेतृत्व में पंचायत में विकास का जमकर काम हुआ है। उनके प्रयासों से दर्जनों नली-गली और सड़कों का निर्माण कराया गया, जिससे आवागमन की सुविधा बेहतर हुई है और लोगों को कीचड़ व जलजमाव की समस्या से राहत मिली है।वही

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सैकड़ों लाभुकों को पक्का घर उपलब्ध कराया गया है, जिससे गरीब परिवारों का सपना साकार हुआ है।जल जीवन हरियाली अंतर्गत दर्जनों कुओं का जीर्णोद्धार हुआ है।इसके अलावा पंचायत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण के साथ ही सीएचओ की नियमित उपस्थिति से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे उन्हें छोटे-मोटे इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ता।मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।पंचायत के जगीराहा गांव में मुखिया के निजी कोष से बना बना भव्य सूर्य मंदिर तथा छठिया घाट के साथ बना पार्क पूरे जिले के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है जो क्षेत्र की धार्मिक पहचान को भी मजबूत कर रहा है।वही मनरेगा योजना के अंतर्गत बना शवदाह गृह के साथ बना स्विमिंग पूल भी अब ग्रामीणों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है, जिससे अंतिम संस्कार की व्यवस्था सम्मानजनक और सुगम हो गई है।ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया की सक्रियता और जनहितकारी सोच के कारण पंचायत में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। उनकी पारदर्शी कार्यशैली और लोगों से जुड़ाव के चलते जनता का विश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।उनकी कार्यशैली पारदर्शी और जनहितकारी है, जिससे लोगों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।वही मुखिया सुनील कुमार सिंह को पटना में भी पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायत में अच्छे कार्य के लिए सम्मानित भी किया जा चुका है।

# प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य निर्धारित 02 से 31 मई के बीच संपन्न किया जाएगा

## गया वासियों को अधिक से अधिक जनगणना कार्य में सहयोग करें : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता




गया। भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य बिहार राज्य में निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 02 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच संपन्न किया जाएगा। इस चरण में आम नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक नागरिक दिनांक 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 के बीच पोर्टल स्व-गणना लॉगिन कर अपने परिवार एवं मकान से संबंधित विवरण स्वयं दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना करने के उपरांत एक स्व-गणना आइडी जनरेट होगी। नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस कू को सुरक्षित रखें एवं अपने घर आने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराएं। प्रगणक द्वारा इस आइडी का मिलान उनके मोबाइल डिवाइस में उपलब्ध विवरण से किया जाएगा। मिलान उपरांत आवश्यकतानुसार जानकारी को सत्यापित एवं संपादित किया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर परिवार से पूछकर डाटा में संशोधन भी किया जा सकता है। सेल्फ इनयुमेरेशन का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाना है। जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने सभी गया जिले के नागरिकों से अपील है कि वे सेल्फ का अधिक से अधिक उपयोग करें तथा जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# आरपीएफ की कार्रवाई, 18 .750 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी। पूर्व मध्य रेलवे के गया-डीडीयू रेल सेक्शन अंतर्गत आरपीएफ डेहरी ऑन सोन की टीम ने गश्त के दौरान लावारिस हालत में अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। जानकारी के आरपीएफ पोस्ट डेहरी ऑन सोन के सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ राम, आरक्षी उमेश कुमार सिंह और संतोष कुमार के साथ अपराध आसूचना शाखा गया और निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के निर्देशन में अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर गश्त और निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या एक पर स्थित एफओबी के पास, डोरमेट्री की दीवार से सटे रेलवे किलोमीटर संख्या 538/10-15 के समीप दो संदिग्ध पिट्ठू बैग नजर आए। तलाशी लेने पर बैग से कुल 18.750 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जो लावारिस हालत में पड़ी थी। मौके पर ही जप्ती सूची तैयार कर सभी शराब को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए रेल थाना सोननगर को सुपुर्द कर दिया गया है। बरामद शराब की कुल कीमत 27,980 रुपये बताई जा रही है। आरपीएफ की इस कार्रवाई से अवैध शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला आरक्षण बिल लागु करने की प्रक्रिया सही नही : डॉ देविका सरायर

गया जी। महिला आरक्षण बिल आना बहुत हीं अच्छा है और स्वागतयोग्य है परंतु इसको लागू करने की प्रक्रिया सही नहीं है ।यह आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू होना चाहिए पर सरकार परिसीमन के नाम पर इसमें विलंब करना चाहती है ।सरकार प्रयास कर रही है कि किसी भी तरह इस बिल को ठंडे बस्ते डाला जा सके ।भाजपा जानबूझकर इस बिल को परिसीमन से जोड़ रही है ताकि दक्षिण के राज्यों को कमजोर किया जा सके। हम मांग करते हैं कि महिला आरक्षण बिल बिना परिसीमन के जल्द से जल्द लागू हो।

### सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ पर भाजपा कार्यकताओं ने मनाया जश्न

औरंगाबाद। जिले के ओबरा मुख्यालय के कागजी मोहल्ला स्थित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मालाकार की अध्यक्षता मे सम्राट चौधरी की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं ने हर्ष और उत्साह का माहौल दिखा गया। ऐसे इतिहासिक अवसर पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा नए मुख्यमंत्री को हार्दिक शुभ कामना दी। इस अवसर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मालाकार पूर्व प्रखंड अध्यक्ष पप्पू अग्रवाल कृष्णा भगत शिव नारायण प्रसाद सोनी ने कहा कि यह बिहार के लिए एक इतिहासिक क्षण है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अनुभवी कर्मठ और जनहित के प्रति समर्पित नेता है। जिनके नेतृत्व मे राज्य विकास कुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित होगा । आगे कहा कि भाजपा हमेशा गरीब किसान मजदूर किसान युवाओं और समाज के सभी वर्गों के दृढ़ संकल्पित रहती है। उत्साह के साथ पटाखा छोड़ मिठाई बाटी। मौके पर भाजपा नेता अतुल जायसवाल कौशिक दुबे जगमल कुमार अनिल भगत कपिल गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल औरंगाबाद के छात्र अर्णव बने विद्यालय टॉपर

औरंगाबाद। सीबीएसई बोर्ड के मैट्रिक परीक्षा के परिणाम की घोषणा होते ही परीक्षार्थियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। औरंगाबाद जिले के कर्मा रोड निवासी शिक्षक अभय कुमार सिंह के पुत्र अर्णव सिसोदिया ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर डी ए वी पब्लिक स्कूल में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी बनकर विद्यालय एवं औरंगाबाद जिले का नाम रौशन किया है ।उनके इस उपलब्धि पर दादा त्रिपुरारी सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि उसके इस उपलब्धि पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। साथ ही साथ शिक्षक समुदाय में भी खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। शिक्षक सतीश कुमार पांडेय ,आलोक कुमार सिंह, शशि प्रकाश वर्मा, पप्पू सिंह,अरविंद सिंह, पीयूष कमल सहित अन्य लोगों ने बधाई संदेश में कहा कि अर्णव की इस उपलब्धि से पूरे शिक्षक समुदाय में खुशी की लहर है और शिक्षक समुदाय स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### ग्लोबल टेक्नोलॉजी के माध्यम से स्मार्ट क्लास की विशेष सुविधा

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के क्षत्रिय नगर मुहल्ले में ग्लोबल टेक्नोलॉजी का शुभारंभ समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह के द्वारा किया गया। ग्लोबल टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर शुभम कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी वरुण कुमार सिंह कुटुम्बा प्रखंड को उपप्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही ।डायरेक्टर ने बताया कि यह संस्थान वर्तमान परिदृश्य में स्मार्ट क्लास कंपटीशन के लिए उपयोगी होने वाले उपकरण एवं उन्नत डिजिटल लाइब्रेरी से सुसज्जित संस्थान है। जिसमें विद्यार्थियों के लिए अध्ययन से संबंधित सभी चीजों को मुहैया कराया गया है। जिससे औरंगाबाद जैसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए बहुत ही लाभकारी सिद्ध होगा।

# डीपीएस के छात्रों का शानदार प्रदर्शन आराधना ने 92% अंक से किया टॉप

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिले के बैदराबाद स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है। इस वर्ष परीक्षा परिणाम में कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विद्यालय की छात्रा आराधना कुमारी ने 92% अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं निखिल कुमार और आयुष कुमार ने 90-90% अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा अमित कुमार ने 88% अंक प्राप्त कर अपनी सफलता दर्ज कराई। इन सभी छात्रों की उपलब्धि ने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को और मजबूत किया है। विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और इसी का परिणाम है कि छात्र लगातार अच्छे अंक प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष विद्यालय के सभी छात्र अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं, जो विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था और शिक्षकों की मेहनत को दर्शाता है। विद्यालय प्रबंधन का लक्ष्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान देना है। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे और सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

# गया जी नगर निगम सफाई कमीर्यो को भी दिक्कत हो तो सिधे दफ्तर से मिले : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। गया नगर निगम के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ अज्ञात एवं तथाकथित व्यक्तियों द्वारा नगर निगम के सफाई कर्मियों को भ्रमित एवं उकसाने का प्रयास किया गया है। यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त व्यक्ति न तो किसी मान्यता प्राप्त संगठन से जुड़े हैं और न ही किसी प्रकार के ,अधिकृत प्रतिनिधि या नेता हैं। इस संदर्भ में अध्यक्ष, बिहार लोकल बॉडीज फेडरेशन द्वारा लिखित रूप से यह स्पष्ट किया गया है कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार की हड़ताल का आह्वान नहीं किया गया है और न ही वे इस पूरे प्रकरण में किसी भी रूप में सम्मिलित हैं। इसके बावजूद तथाकथित असामाजिक तत्वों द्वारा कुछ सफाई कर्मियों को गुमराह एवं उकसाया गया, जिसके परिणामस्वरूप नगर निगम क्षेत्र में सफाई कार्य आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। इस दौरान निगम अधिकारियों द्वारा संबंधित असामाजिक तत्वों से वार्ता भी की गई है जिसमें उनके द्वारा कुछ मांगें रखी गईं, जैसे कि न्यूनतम वेतन 783 प्रतिदिन किया जाए, लंबे समय से कार्यरत सभी सफाई कर्मियों को नियमित किया जाए तथा सफाई कर्मियों को कार्य हेतु आवश्यक वस्त्र (ड्रेस) उपलब्ध कराए जाएं। इनके मांगों में से कुछ मांगें पूर्व से ही प्रक्रियाधीन हैं। उदाहरणस्वरूप, सफाई कर्मियों के लिए वस्त्र उपलब्ध कराने हेतु निविदा (टेंडर) की प्रक्रिया की जा चुकी है तथा बहुत ही जल्द सभी कर्मियों को वस्त्र उपलब्ध करा दिए जाएंगे। इसके साथ ही, निगम द्वारा कर्मियों के हित में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें अनुकंपा के आधार पर रिक्त पदों पर बहाली किया गया है, पारिवारिक पेंशन की प्रक्रिया चालू किया जा रहा है, छठे वित्त आयोग की अंतर राशि का भुगतान किया जा रहा है तथा सभी कर्मियों को पहचान पत्र भी उपलब्ध कराया जा रहा है। हालांकि, अन्य प्रमुख मांगें जैसे 783 न्यूनतम वेतन निर्धारित करना एवं कर्मियों का नियमितीकरण राज्य एवं बोर्ड स्तर से संबंधित विषय हैं, जिन पर नगर निगम द्वारा स्वतंत्र रूप से निर्णय लिया जाना संभव नहीं है। वेतन वृद्धि से संबंधित निर्णय भी बोर्ड स्तर का विषय है, जिस पर सशक्त समिति के चुनाव के उपरांत आगामी बैठक में विचार कर निर्णय लिया जाएगा। बुधवार की सुबह कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा स्थिति को और अधिक बिगाड़ने का प्रयास किया गया है। इन तत्वों ने कुछ सफाई कर्मियों को भड़काकर निगम की संपत्ति को नुकसान पहुँचाने का प्रयास किया, साथ ही नगर निगम कार्यालय में जबरन प्रवेश करने की कोशिश की गई। इस दौरान निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया, जो कि अत्यंत निंदनीय एवं दंडनीय कृत्य है। इस घटनाक्रम के आलोक में, संबंधित तथाकथित असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गया नगर निगम अपने सभी सम्मानित सफाई कर्मियों से अपील करता है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक बातों में न आएं तथा असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर कोई भी अनुचित कार्य न करें। निगम प्रशासन उनके हितों के प्रति पूर्णतः संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है। अंत में, निगम यह स्पष्ट करता है कि अफवाह फैलाने एवं उकसाने वाले तत्वों का किसी भी प्रकार से समर्थन न किया जाए। यदि किसी भी कर्मी द्वारा ऐसे असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर कोई अनुचित कार्य किया जाता है, तो उनके विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। निगम यह सुनिश्चित करता है कि वह अपने सभी कर्मियों की बात सदैव सुनता है। जिन कर्मियों को किसी प्रकार की समस्या हो, वे सीधे कार्यालय में आकर संबंधित अधिकारियों से मिलें। कृपया ऐसे असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर अपने ही निगम के कार्यों को बाधित न करें एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा नेताओं ने बांटी मिठाइयाँ



प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। बिहार की राजनीति में नए अध्याय की शुरूआत के साथ ही सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर अरवल बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष चन्दन खत्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर खुशी जाहिर की और मिठाइयाँ बांटी।वाणिज्य प्रकोष्ठ क्षेत्रीय प्रभारी दीपक शर्मा ने सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार का स्वर्णिम विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में विकास की गति तेज होगी और जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस दौरान उन्होंने उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और विजेन्द्र यादव को भी शपथ ग्रहण की शुभकामनाएं दीं। जिला मंत्री अमृत राज उपाध्याय ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं दोनों उप मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार निश्चित रूप से विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में सुशासन और जनसेवा को नई दिशा मिलेगी। नगर अध्यक्ष चन्दन खत्री ने सभी नेताओं को बधाई देते हुए बिहार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और पूरे बाजार क्षेत्र में खुशी का माहौल बना रहा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र विश्वकर्मा, जिला प्रवक्ता शंकर सहनी, नगर मंत्री मिथलेश पासवान, नगर महामंत्री उमाकांत यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ईएफटी फजीवाड़े पर सख्ती: पूर्व मध्य रेलवे विजिलेंस की छापेमारी

## गया सहित कई मंडलों में एक सप्ताह तक चलेगा जांच अभियान ,अचानक कार्रवाई से मचा हड़कंप

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। पटना में ईएफटी (एक्सेस फेयर टिकट) फजीवाड़े का मामला सामने आने के बाद पूर्व मध्य रेलवे के हाजीपुर मुख्यालय की विजिलेंस टीम अलर्ट मोड में आ गई है। इसी क्रम में गया जंक्शन और दरभंगा जंक्शन पर अचानक छापेमारी की गई। टीम ने कार्यालयों में पहुंचकर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की, जिससे रेलवे प्रशासन और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। विजिलेंस टीम द्वारा दानापुर, डीडीयू, धनबाद, समस्तीपुर और सोनपुर रेल मंडलों में भी एक साथ जांच अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई करीब एक सप्ताह तक जारी रहेगी। अभियान का उद्देश्य ईएफटी से जुड़े किसी भी प्रकार के फजीवाड़े या अनियमितता को उजागर करना है। रिकॉर्ड, रजिस्टर और ईएफटी बुक की हो रही जांच गया जंक्शन पर विजिलेंस टीम ने सीआईडी कार्यालय पहुंचकर रिकॉर्ड, रजिस्टर और ईएफटी बुक का बारीकी से मिलान किया। इस दौरान कर्मचारियों से पूछताछ भी की गई और उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। इसी तरह दरभंगा स्टेशन पर भी जांच की जा रही है। टीम यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी दस्तावेज सही तरीके से संधारित किए जा रहे हैं और कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं है। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में चल रहा अभियान इस पूरे जांच अभियान की मॉनिटरिंग मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके सिन्हा और उप मुख्य सतर्कता अधिकारी सुबोध कुमार द्वारा की जा रही है। मुख्य सतर्कता निरीक्षक अजित कुमार के नेतृत्व में टीम ने दरभंगा में भी दबिश दी और संबंधित ट्रेनों में औचक निरीक्षण किया। रेलवे सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके रेलवे सूत्रों के अनुसार फर्जी ईएफटी बुक के दुरुपयोग के बाद सतर्कता तेज किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अन्य स्टेशनों पर भी इसी तरह की जांच की जाएगी ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। मुख्य सतर्कता निरीक्षक अजित कुमार के नेतृत्व मे मुख्य सतर्कता निरीक्षक मनोज कुमार और मुख्य सतर्कता निरीक्षक नीरज कुमार ने दरभंगा मुख्य टिकट निरीक्षक कार्यालय में दबिश दी और उसी से संबन्धित ट्रेन नंबर मे भी 12565 में भी औचक निरीक्षण किया गया। मुख्य सतर्कता अधिकारी सह उप महाप्रबंधक पंकज सिन्हा और उप मुख्य सतर्कता अधिकारी सुबोध कुमार के दिशा निर्देश में यह अभियान जारी है।

# आपका स्मार्ट मीटर, आपका फैसला: रखना है पोस्टपेड या लेना है प्रीपेड का लाभ

प्रात : किरण संवाददाता

गयाजी। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए एक और खुशखबरी है। बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगवाना भले ही अनिवार्य हो लेकिन उन्हें अब यह विकल्प चुनने का अधिकार मिल गया है कि वह अपना मीटर पोस्टपेड तरीके से ही चलाना चाहते हैं, या प्रीपेड विकल्प में जाना चाहेंगे। स्मार्ट मीटर लगाने वाला टेक्नीशियन आपके घर पर सिर्फ स्मार्ट मीटर लगा सकता है, आपको जो भी विकल्प चाहिए उसके लिए आपको बिजली विभाग से बात करनी होगी। आपको बता दें कि पोस्टपेड विकल्प में चलने वाले स्मार्ट मीटर में सामान्य मीटर की तरह ही महीने के आखिर एक बार बिल आएगा और बकाया बिल पर आपको चक्रवृद्धि ब्याज भी देना होगा। लेकिन उपभोक्ता बिजली के स्मार्ट मीटर को प्रीपेड तरीके से इस्तेमाल करता है तो वह प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ ले सकता है। जिनमें बिजली विभाग द्वारा बनाए गए ऐप के जरिए रियल टाइम पर बिजली खपत की जानकारी, सटीक बिलिंग, आसान भुगतान, सोलर पैनल के साथ स्मार्ट मीटर का उपयोग और ऑनलाइन रिचार्ज पर मिलने वाली छूट समेत राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाएं शामिल हैं। जिनमें प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर पोस्टपेड मीटर की तुलना में 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली। हर रिचार्ज पर 3 प्रतिशत अतिरिक्त लाभ। दिन में 20 प्रतिशत सस्ती बिजली और 2000 रुपये से ज्यादा बैलेंस बनाए रखने पर बैंकों से ज्यादा ब्याज का लाभ। सीईए ने नियम में किया संशोधन दरअसल, स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को यह अतिरिक्त सुविधा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा बीते 1 अप्रैल 2026 को जारी उस नए संशोधन के बाद आया है। जिसमें ह्यअनिवार्य प्रीपेडह्न की शर्त को हटा दिया है। अर्थात स्मार्ट मीटर लगवाना अभी भी अनिवार्य है, लेकिन इस नए संशोधन से आपको पोस्टपेड या प्रीपेड के विकल्प का अधिकार मिल गया है। अब उपभोक्ताओं को यह चुनने की आजादी होगी कि वे पोस्टपेड (पहले बिजली इस्तेमाल करें, फिर बिल भरें) विकल्प में रहना चाहते हैं, या प्रीपेड (पहले रिचार्ज करें) विकल्प को अपनाना चाहते हैं। स्मार्ट मीटर सिर्फ एक मीटर है विभागीय अधिकारी यह बताते हैं कि सबसे पहले तो बिजली उपभोक्ताओं को यह समझना जरूरी है कि स्मार्ट मीटर सिर्फ एक मीटर है, जिसका काम सिर्फ बिजली खपत की रीडिंग करना है।

# शनिवार से विष्णुपद में कलश यात्रा के साथ शुरू होगा 9 दिवसीय श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

गया। विष्णुपद प्रांगण में 18 अप्रैल से 9 दिवसीय श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ हो रहा है। श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति, चौदह संईयां गयापाल पंडा समाज, गया की ओर से विश्व शांति व कल्याणार्थ 18 से 26 अप्रैल तक 9 दिनों में विविध धार्मिक अनुष्ठान व यज्ञादि कर्म आयोजित किए जाएंगे।

18 अप्रैल दिन शनिवार को महायज्ञ की शुरूआत जल भरी यात्रा के साथ होगी। इस बार 15 वर्षों के बाद महायज्ञ का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इसके पूर्व 2011 में किया गया था। महायज्ञ को दिव्य, भव्य और आकर्षक बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल ने जानकारी देते हुए कहा कि मोक्षस्थली विष्णुपद में छठी बार विश्व कल्याण एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए पांच कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ 18 अप्रैल को विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। सुबह 8:30 बजे गाजे-बाजे और ढोल- नगाड़े के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो विष्णुपद से निकलकर रूट चार्ट के अनुसार अहिल्याबाई चौक, नवागढ़ी, नादरागंज,कोयरीबारी, जीबी रोड, कोतवाली चौक, टावर चौक, रमना रोड, पितामहेश्वर, मल्लाह टोली, ब्राह्मणी घाट पुल, नई सड़क, पंचमहला बाजार होते हुए सूर्यकुंड पहुंचेगी, जहां से कलश में पवित्र जल भरा जाएगा ।शोभा यात्रा में लगभग 500 महिलाएं पीले- लाल रंग के परिधान में सुसज्जित होकर रहेंगी। आगे- आगे घोड़े, ऊंट और पीछे माथे पर कलश धारण किये महिलाओं की टोली चलेगी। कलश यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को 200 रुपये का सहयोग राशि प्रदान कर पंजीकरण करवाना होगा। 19 अप्रैल को यज्ञशाला में वेदी पूजन, मंडप पूजन, प्रायश्चित, अग्नि स्थापना, देवी-देवताओं के प्रतिरूप में नवग्रह बनाकर यज्ञ का प्रारंभ 20 अप्रैल से किया जाएगा। 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक कर्नाटक के माध्वाचार्य संप्रदाय के गुरू यादवाचार्य के आचार्यत्व में पूरी विधि विधान और धार्मिक रीति रिवाज से महायज्ञ चलती रहेगी। इसके अलावा काशी एवं गया जी के विद्वान आचार्य भी यज्ञ में शामिल होंगे। महायज्ञ सुबह 8:00 बजे से शुरू हो जाएगा। नवीन यज्ञशाला में पांच कुंड बनाए गए हैं। यज्ञ में वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच आहुतियां दी जाएगी। 26 अप्रैल को यज्ञ की पूणार्हुति और 28 अप्रैल को विशाल भंडार होगा। महायज्ञ में हवन- पूजन और वैदिक मंत्रोंच्चारण से जहां वातावरण शुद्ध होगा। वही मन की शांति के लिए प्रतिदिन प्रवचन भी किया जाएगा। वृंदावन से आए कथा वाचिका डॉ सरोज मृणालिनी ब्रजवासी जी के द्वारा संध्या 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक प्रवचन दिया जाएगा। प्रेस वार्ता में कोषाध्यक्ष सुनील लाल हल, सदस्य मणिलाल बारिक, मोहनलाल गायव, संजय नकफोफा, गोकुल दुबे, नीतीश विट्ठल, शिवम लाल गुर्दा,प्रेम नाथ टईया आदि लोग उपस्थित थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल शेरघाटी का 10वीं बोर्ड में शानदार प्रदर्शन, अक्षरा सिन्हा 96 .8% अंकों से बनीं टॉपर

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी गया। डीएवी पब्लिक स्कूल, शेरघाटी के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं (अक्षरए-2026) बोर्ड परीक्षा का परिणाम गौरवपूर्ण रहा। इस वर्ष परीक्षा में शामिल हुए कुल 193 विद्यार्थियों में से 165 ने प्रथम श्रेणी हासिल की। वहीं 17 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा अक्षरा सिन्हा ने 96.8% अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। आदर्श कुमार 95.0%, श्रुति कुमारी व अनु प्रिया 94.8% और गौरव कृष्णा 94.2% अंकों के साथ शीर्ष पांच में रहे। विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्टता दिखाई। संस्कृत में आयुष राज, अक्षरा सिन्हा, अनु प्रिया, प्रणवी कुमारी, गौरव कृष्णा व गोविंद कश्यप ने पूरे 100 अंक प्राप्त किए। हिंदी में रितिक राज, शिवम कुमार व साक्षी कुमारी ने 97 अंक, आई.टी. में अनु प्रिया ने 100 अंक हासिल किए। विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में अक्षरा सिन्हा ने 98-98 अंक प्राप्त किए। प्राचार्य डी.के. पांडेय ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों के संयुक्त प्रयास व अनुशासन को दिया। प्रबंधक आर. रॉय और ए.आर.ओ. सुश्री अंजलि ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# सीबीएसई बोर्ड में अंकिता, दिवाकर व माधवी ने हासिल किए सर्वोच्च अंक

औरंगाबाद। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर, राष्ट्रीय उच्च पथ, औरंगाबाद के कक्षा 10 (सत्र 2025-26) के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा, जिसमें कई छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त किए। विद्यालय की छात्रा अंकिता कुमारी ने 96.8% अंक प्राप्त कर सबसे अधिक अंक हासिल किए। वहीं दिवाकर नारायण ने 95.8% तथा माधवी ने 94.2% अंक प्राप्त किए।इसके अलावा रोहित कुमार (93.0%), मनिकांत (93.4%), खुशबू कुमारी (93.3%), शौर्य कुमार मिश्रा (93.0%), रीतु कुमारी (93.0%), चाहत कुमारी (92.6%) एवं शिवम कुमार (92.4%) सहित कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।और सफल छात्रों में जिया कुमारी (92.2%), अनुष्का शाही (91.4%), सुनिधि सिंह (91.4%), पल्लवी कुमारी (91.4%), निक्की कुमारी (90.6%), समर कुमार (90.4%), प्रियांशु राज (90.2%) एवं अंजलि कुमारी (90.0%) शामिल हैं।विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# सीबीएसई कक्षा 10वीं में आर.जी.एन. पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं परीक्षा 2026 के परिणामों में देशभर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसी क्रम में आर.जी.एन. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भी शानदार सफलता हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 185 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें सभी छात्र सफल रहे – यह विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है। विद्यालय के मेधावी छात्रों में अमित कुमार (93.4%), रवि कुमार (93%), अक्षरा ब्राम्हणी (91.2%),ललित रंजन (90.2%), आयुष राज (90%), सनी कुमार (89.6%), अंश राज (89.5%), प्रिया कुमारी (89.4%), सहज कुमार (89%), आकर्षण कुमार (88%) , प्रिंस कुमार (88%) एवं नंदनी कौशिक (87%)ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने बताया कि छात्रों ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय प्रबंधन सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। साथ ही, शिक्षकों एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त करता है।

